*　ओड़िशा संस्करण

11 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 51

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

19 को दिल्ली में होगी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक, सीट शेयरिंग पर हो सकती है चर्चा






## धीरज साहू के ठिकानों से बरामद नकदी की गिनती पांचवें दिन भी जारी

# 500 करोड़ का आंकड़ा पार, 70 बैग खोलने बाकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से बरामद नकदी की गिनती रविवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रही। जानकारी के अनुसार बरामद नगदी का आंकड़ा पांच सौ करोड़ से पार कर चुका है, जबकि अभी 70 बैगों में भरे नोटों की गिनती बाकी है। सांसद के लोहरदगा स्थित पुश्तैनी घर और रांची के रेडियम रोड स्थित घर पर छापामारी खत्म हो गयी है। रविवार को बौध डिस्टिलरीज कंपनी के परिसरों की तलाशी जारी रही।

**500 करोड़ से अधिक नकद बरामद :** लोहरदगा और रांची में छापेमारी की कार्रवाई पूरी हो चुकी है, जबकि ओड़िशा के आवास, कार्यालय सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी जारी है। छापेमारी में मिले नोटों की गिनती जारी है। अब तक लगभग 500 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं। पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओड़िशा में सांसद धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है।



### ओड़िशा में मैनेजर के पास से 20 पेटी में 200 करोड़ मिले

सूत्रों के अनुसार आयकर टीम को ओड़िशा में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के मैनेजर के पास से भी 20 पेटी कैश मिले हैं। बरामद रुपयों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा में जमा कराया गया है, जहां नोटों की गिनती की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि मैनेजर के पास से बरामद नगदी का आंकड़ा 200 करोड़ तक पहुंच चुका है।

### आंकड़ा 800 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान



सूत्रों ने बताया कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जितने नोट बरामद हुए हैं और हो रहे हैं, उनकी पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800 से 1000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

### 20 आइटी एक्सपर्ट कर रहे कंप्यूटर और डिजिटल डिवाइस की जांच

आयकर विभाग ने ओड़िशा में बलदेव साहू संस एंड ग्रुप कंपनीज और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों से मिले नोटों को जब्त तो किया ही है, अब इन ठिकानों से मिले कंप्यूटर और अन्य डिजिटल डिवाइस की जांच भी शुरू कर दी है। इसके लिए आयकर विभाग की ओर से जांच के लिए 20 आइटी एक्सपर्ट हैदराबाद से बोलांगीर बुलाये गये हैं। ये आधुनिक जांच मशीनों के एक्सपर्ट हैं। आयकर विभाग अब इन एक्सपर्ट के जरिये कंपनी के वित्तीय लेन देन की जांच उन कंप्यूटरों और डिजिटल डिवाइस में करेगा, जिसमें पैसों का हिसाब-किताब रखा जाता था। आयकर यह भी पता लगा रहा है कि पैसे का लेन देन कच्चे में कितना गया और कितने का हिसाब पक्के में हुआ।

## जिसने भी पैसा लूटा, जेल भेजा जायेगा : धर्मेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शराब व्यापारियों के विभिन्न पतों से नकदी रुपये के ढेर जब्त होने के बाद भाजपा विपक्ष को घेर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद भाजपा नेता विपक्ष पर निशाना साध रहे हैं। इस क्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक बार फिर किसी का नाम लिये बिना हमला बोला है। उन्होंने आगाह किया कि मोदी सरकार इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेगी। चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, जिसने भी ओड़िशा के गरीब लोगों का पैसा लूटा, उसे जेल भेजा जाना चाहिए। जिस कांग्रेस सांसद का नाम आ रहा है, उनका परिवार लगातार ओड़िशा में कारोबार करता रहा है। जो लोग जिम्मेदार हैं, वे इसका जवाब दें। लोग जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

## न्यूज रील्स

### भतीजे आकाश आनंद होंगे मायावती के उत्तराधिकारी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। मायावती द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने आए बसपा की शाहजहांपुर इकाई के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने बैठक में अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। बसपा कार्यालय में हुई देश भर के पार्टी नेताओं की बैठक में मायावती ने यह घोषणा की। बसपा के विधानपरिषद सदस्य भीम राव आंबेडकर ने भी पुष्टि की कि मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि हमें आकाश आनंद के रूप में एक युवा नेता मिला है। जिस राज्य में पार्टी संगठन कमजोर है, वहां आनंद पार्टी को मजबूत करेंगे।

### पुलवामा हमले का आरोपी औरंगजेब पाकिस्तान में किडनैप

नयी दिल्ली। पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला करने के मामले में आरोपी औरंगजेब आलमगीर को शुक्रवार को इस्लामाबाद से बंदूकधारी हमलावरों ने अगवा कर लिया। औरंगजेब बाइक पर हफीजाबाद से डेरा गाजी गुलाम जा रहा था। औरंगजेब की बाइक एक सुनसान इलाके से बरामद की गयी है। बताया जा रहा है कि कुछ कार सवार उसे लेकर फरार हो गये। बहावलपुर का औरंगजेब पिछले कुछ समय से हफीजाबाद में छिप कर रह रहा था। बता दें कि वर्ष 2019 में पुलवामा हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गये थे।

# छत्तीसगढ़ की कमान विष्णुदेव साय को, दो डिप्टी सीएम भी होंगे

- राज्यपाल के सामने किया सरकार बनाने का दावा, शपथ ग्रहण की तारीख तय नहीं
- केंद्रीय पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक में फैसला
- पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने किया प्रस्ताव, सभी विधायकों का मिला समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित विधायकों ने विष्णुदेव साय को अपना नेता चुना है। केंद्रीय पर्यवेक्षक सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में रविवार को हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला किया गया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद साय ने राज्यपाल से भेंट की और नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। नयी सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख अभी तय नहीं की गयी है। जानकारी के अनुसार, सीएम के साथ राज्य में दो डिप्टी सीएम भी बनाये जायेंगे। डिप्टी सीएम के रूप में विजय शर्मा और अरुण साव को शपथ दिलायी जायेगी। अरुण साव वर्तमान में छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष हैं। जानकारी के अनुसार रमन सिंह को विधानसभा का अध्यक्ष बनाया जायेगा। रविवार को विधायक दल की बैठक में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने साय के नाम का प्रस्ताव किया। इस प्रस्ताव का प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने समर्थन किया। मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने साय का जोरदार स्वागत किया।



### राजस्थान में विधायक दल की बैठक अब 12 को, वसुंधरा ने फंसाया पेंच

जयपुर। राजस्थान में नये सीएम का मामला लंबा खिंचता जा रहा है। रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक अचानक स्थगित कर दी गयी। अब यह बैठक मंगलवार को होगी। विधायक दल की बैठक स्थगित होने का कारण पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, सरोज पांडे और विनोद तावड़े का जयपुर नहीं पहुंचना बताया गया है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि वसुंधरा राजे जिद पर अड़ी हुई हैं। ऐसे में सहमति नहीं बन पाने की वजह से विधायक दल की बैठक को स्थगित करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार वसुंधरा राजे केंद्रीय नेतृत्व को चुनौती दे रही हैं। पार्टी के अधिकांश विधायकों का समर्थन वसुंधरा राजे के पक्ष में है। उनके घर समर्थक विधायकों का जमावड़ा लगा है। रविवार को भी दिन भर वसुंधरा राजे से विधायकों के मिलने का सिलसिला जारी रहा। सियासी जानकार इसे विधायक दल की बैठक से पहले वसुंधरा राजे के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देख रहे हैं।

### राज्यपाल से मिल दावा पेश किया

भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मिलने रायपुर स्थित राजभवन पहुंचे। साय ने राज्यपाल को विधायक दल का नेता चुने जाने से संबंधित पत्र सौंपा। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि राज्यपाल को पत्र सौंपा गया कि विष्णुदेव साय को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। अब साय को राज्यपाल की ओर से शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया जायेगा। शपथ ग्रहण समारोह की तारीख पर केंद्रीय नेतृत्व फैसला लेगा।

### पीएम की गारंटियों को पूरा करूंगा: साय

मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय ने मीडिया से कहा कि वह मुख्यमंत्री के रूप में पीएम मोदी की गारंटियों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों को मंजूरी देना उनकी सरकार का पहला काम होगा।

## पीएम मोदी आज लांच करेंगे भारत को विकसित देश बनाने की योजना


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत एक तेजी से बढ़ता हुआ विकासशील देश है। विकसित देश बनने की दौड़ में भारत सबसे आगे निकल चुका है। जल्द ही भारतीय अर्थव्यवस्था भी पांच ट्रिलियन डॉलर को छू जायेगी और हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। विकसित देश बनने का लक्ष्य कैसे हासिल करना है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को विकसित भारत@2047 योजना को लांच करनेवाले हैं। इसके तहत आजादी के एक सौ वर्ष पूरे होने पर भारत को विकसित देश बनाया जाना है।



**युवाओं को दिखाया जायेगा विकास का रास्ता :** विकसित भारत@2047 का लक्ष्य युवाओं को वह रास्ते दिखाना होगा, जिन पर चल कर हमारा देश विकासशील होने का तमगा फेंक कर दुनिया के चुनिंदा विकसित देशों में गिना जाने लगेगा। पीएम मोदी अपनी योजना को सारे देश के युवाओं के समक्ष रखेंगे और उनसे भी आइडिया मांगेंगे। पीएम मोदी विकसित भारत के लिए विजन डॉक्यूमेंट पेश करेंगे।

**सभी राजभवनों में आयोजित होगी कार्यशाला :** विकसित भारत@2047 कार्यशाला देश के सभी राजभवनों में सुबह साढ़े 10 बजे आयोजित होगी। इसमें सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति और कई संस्थाओं के प्रमुख हिस्सा लेंगे। इसे 'विकसित भारत@2047 : वॉयस ऑफ यूथ' का नाम दिया गया है। यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही विकसित भारत कार्यक्रम की शुरुआत हो जायेगी।




## पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक संपन्न, मुख्यमंत्रियों में नीतीश कुमार ही आये

# पूर्वी राज्यों के विकास पर किया गया मंथन

- नेपाल सीमा पर हाइ डैम बनाने की उठी मांग
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की अध्यक्षता
- नीतीश कुमार ने मांगा विशेष राज्य का दर्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कई मंत्री भी शामिल हुए। बैठक के दौरान पूर्वी क्षेत्रों के विकास और नक्सल से निपटने पर जोर डाला गया। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक शामिल नहीं हुए। उनकी जगह दो-दो मंत्री प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए। राज्यों के मुख्य सचिव भी बैठक में मौजूद रहे। तीन घंटे तक चली इस बैठक में बिहार सरकार ने गृह मंत्री अमित शाह के सामने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। सीएम नीतीश कुमार ने अमित शाह के सामने विशेष राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाते हुए इसे बिहार की जरूरत बताया। साथ ही बिहार में आरक्षण के दायरे बढ़ाने के बाद उसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। जल संसाधन मंत्री संजय झा ने अमित शाह से नेपाल के पास हाइ डैम बनाने की मांग की, जिससे बिहार में बाढ़ में कमी आये। इस पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पूरा विवरण मांगा और समुचित आश्वासन दिया। बैठक के बाद अमित शाह गेस्ट हाउस और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने आवास एक अणे मार्ग चले गये।

बैठक में गृह मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान बिहार सहित पूर्वी राज्यों के विकास पर मंथन और आंतरिक सुरक्षा पर बात हुई। साथ ही नक्सलवाद समस्याओं का समाधान निकालने पर विचार किया गया। माना जा रहा है कि बैठक के बाद राज्यों के बीच समन्वय और बेहतर होगा। इसके अलावा खनन, कुछ मदों में केंद्रीय आर्थिक सहायता, बुनियादी सुविधाओं का निर्माण, भूमि अधिग्रहण एवं भूमि स्थानांतरण, जल बंटवारा, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण स्कीम (डीबीटी) का कार्यान्वयन, राज्य- पुनर्गठन और क्षेत्रीय स्तर के सामान्य हित के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में संयुक्त बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद 22 साल से लटके पेंशन बंटवारा के मुद्दे को फिर रखा गया और उसका निदान ढूंढ़ने की कोशिश की गयी। साथ ही राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इसके शीघ्र निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, हर गांव में पांच किमी के भीतर बैंकों/इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक शाखाओं की सुविधा आदि मुद्दों पर चर्चा हुई।

**डेढ़ साल बाद एक मंच पर आये शाह और नीतीश :** करीब डेढ़ साल बाद सीएम नीतीश और अमित शाह एक मंच पर साथ आये। सीएम नीतीश पिछले साल 9 अगस्त को एनडीए से अलग हुए थे। इसके बाद से कभी भी दोनों नेताओं के बीच मुलाकात नहीं हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# झारखंड पर विशेष फोकस कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी

## ■ अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा को पर्यवेक्षक बना कर दिया बड़ा संदेश

## ■ तीन राज्यों में जीत दर्ज करने के बाद अब झारखंड फतह के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बनायी खास रणनीति

**लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल करने के लिए खास रणनीति बनायी है। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने के बाद एक तरफ जहां वह 'मोदी की गारंटी' को केंद्रीय मुद्दा बनाने में जुटे हैं, वहीं आदिवासियों को साधने के लिए झारखंड पर खासा ध्यान दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने झारखंड के दो आदिवासी नेताओं, अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा को छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में नया सीएम चुनने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया। यह पहली बार है, जब झारखंड भाजपा का कोई नेता किसी राज्य में सीएम चुनने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त कर पीएम मोदी ने पहली बार झारखंड भाजपा के किसी नेता को इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी थी। इतना ही नहीं, वह पिछले 15 नवंबर को 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके गांव खूंटी के उलिहातू आकर वहां की मिट्टी को अपने माथे से लगा चुके हैं। पीएम मोदी का यह झारखंड प्रेम महज वोट की सियासत नहीं है, बल्कि इस आदिवासी बहुल राज्य और यहां के आदिवासियों के प्रति एक स्वाभाविक लगाव है, जो पिछले 75 साल में पहले कभी किसी प्रधानमंत्री ने नहीं दिखाया। क्या है पीएम मोदी के इस झारखंड और आदिवासी प्रेम का कारण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

तारीख थी 15 नवंबर 2023। दो चुनावी राज्यों मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार का वह अंतिम दिन था। इन दोनों ही राज्यों के चुनाव में ताबड़तोड़ रैलियां करनेवाले, भाजपा के प्रचार अभियान की सामने से अगुवाई करनेवाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रचार के अंतिम दिन इन दोनों ही राज्यों से कहीं दूर झारखंड में थे। झारखंड में कोई चुनाव नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस राज्य के खूंटी जिले में थे। पीएम मोदी के इस दौरे का प्रभाव मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ ही नहीं, राजस्थान के चुनाव नतीजों पर भी साफ नजर आ रहा है।

इसके बाद आया 3 दिसंबर, जब इन तीनों राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित हुए। तीनों ही राज्यों में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। उसके बाद बारी आयी इन राज्यों में नया मुख्यमंत्री चुनने की, तो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने लंबे विचार मंथन के बाद इन राज्यों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की।

इनमें छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में तीन पर्यवेक्षक बनाये गये, जबकि मध्यप्रदेश के लिए जो तीन केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाये गये, उनमें एक आशा लकड़ा भी शामिल की गयीं। झारखंड के इन दोनों नेताओं को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंप कर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पूरे देश में खास संदेश दिया है। यह पहला मौका है, जब झारखंड के किसी भी नेता को किसी राज्य में सीएम चुनने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

दरअसल, पीएम मोदी का झारखंड और यहां के नेताओं के प्रति यह प्रेम नया नहीं है। 2014 में जब उन्होंने देश की बागडोर संभाली थी, तभी से वह झारखंड पर खास ध्यान दे रहे हैं। झारखंड और यहां के लोगों के प्रति पीएम मोदी के इस लगाव के कारण धरती आबा की इस भूमि को केंद्रीय योजनाओं का लांचिंग पैड कहा जाने लगा था। साल 2014 से 2019 के दौरान अपने पहले कार्यकाल में पीएम मोदी ने झारखंड से कई बड़ी योजनाओं का शुभारंभ किया था। सबका साथ, सबका विकास वाले बैनर-पोस्टर हर चौक-चौराहों पर दिखते थे।

### क्यों झारखंड कहलाता था केंद्र का लांचिंग पैड

2019 में विधानसभा चुनाव की रैलियों को छोड़ दें, तो रघुवर सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में सितंबर 2019 तक पीएम मोदी 12 बार झारखंड आये। 23 सितंबर 2018 को उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी पब्लिक हेल्थ स्कीम यानी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ भगवान बिरसा की धरती से ही किया था। यह स्कीम भाजपा के चुनावी एजेंडे में टॉप पर रही। इस स्कीम की बदौलत गरीबों को पांच लाख तक के इलाज की सुविधा मिल रही है। इससे पहले 2 अक्तूबर 2015 को पीएम मोदी ने खूंटी में 2.22 करोड़ रुपये की लागत से बने 180 किलोवाट की रूफटॉप सोलर सिस्टम का उद्घाटन किया था। खूंटी जिला न्यायालय सौर ऊर्जा से चलनेवाला देश का पहला कोर्ट बना था। 25 मई 2018 को पीएम मोदी धनबाद आये थे। तब उन्होंने सिंदरी खाद कारखाना, देवघर में एम्स, देवघर में एयरपोर्ट के अलावा चाइबासा और कोडरमा मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया था। उन्होंने पतरातू ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड की क्षमता विस्तार वाली योजनाओं की आधारशिला भी रखी थी। 21 जून 2019 को पीएम मोदी ने रांची के प्रभात तारा मैदान से पूरी दुनिया को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी थी। इस 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती थी और पीएम मोदी खूंटी जिले में स्थित उनके गांव उलिहातू पहुंचे थे। पीएम मोदी ने खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की, आदिवासी कल्याण के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज में भगवान का दर्जा प्राप्त है।



### आदिवासियों के बीच कैसे मजबूत की जमीन

पिछले चुनाव में एसटी बेल्ट में करारी शिकस्त के बाद भाजपा ने रणनीति में बदलाव किया। पार्टी ने आदिवासियों को पार्टी से जोड़ने के लिए एक के बाद एक, कई दांव चले। इसकी शुरुआत राष्ट्रपति चुनाव से ही हो गयी थी। राष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया। द्रौपदी मुर्मू देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति हैं। भाजपा ने इसके बाद मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ तक, आदिवासी प्रतीकों को लेकर मुहिम शुरू की। अंत में पीएम मोदी के खूंटी दौरे ने आदिवासी समाज को बड़ा संदेश दे दिया और पार्टी तीनों ही राज्यों में एसटी सीटों से बड़ी लीड लेने में सफल रही।

### झारखंड को ही क्यों चुना पीएम मोदी ने

एक बड़ा सवाल यह भी है कि आदिवासियों को साधने के लिए पीएम मोदी ने झारखंड को ही क्यों चुना, तो इसका जवाब यह है कि झारखंड एक ऐसा प्रदेश है, जहां से देश भर के आदिवासियों को मैसेज आसानी से दिया जा सकता है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि देश भर के आदिवासी झारखंड को अपना अगुआ मानते हैं। झारखंड का रुख ही देश के आदिवासियों का रुख तय करता है। इसलिए अब देश भर में यही संदेश गया है कि पीएम मोदी ही आदिवासियों के सच्चे हितैषी हैं। इसका पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश गया है।

### भाजपा का आदिवासी प्रेम प्रदर्शित हो रहा है

पीएम के इस प्रयास का लगातार असर भी देखा जा रहा है। कांग्रेस और झामुमो के नेता चाहे जो कहें, लेकिन हकीकत यही है कि झारखंड में भाजपा की स्थिति सुधर रही है। बाबूलाल मरांडी के प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनने के बाद से हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जोरदार राजनीतिक हमला हो रहा है। बाबूलाल की सभाओं में लोग सुनने भी आ रह हैं। मोटरसाइकिल रैली से लेकर अन्य कार्यक्रमों में आदिवासी समुदाय की उपस्थिति में सुधार हो रहा है।

इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और तेज-तर्रार महिला नेता आशा लकड़ा को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाने से भाजपा आलाकमान ने यही संदेश देने की कोशिश की है कि वह सिर्फ वोट की राजनीति नहीं करती, आदिवासी नेताओं को सम्मान भी देती है। अर्जुन मुंडा की अगुवाई में छत्तीसगढ़ में पहुंचे केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने नये सीएम के रूप में विष्णुदेव साय का चयन करके यह संदेश दे दिया है कि भाजपा आदिवासियों को हक अधिकार दे रही है। छत्तीसगढ़ में तो नेता बहुत हैं। रमन सिंह, अरुण साहू, लेकिन विष्णुदेव साय का चयन यह दर्शाता है कि भाजपा का आदिवासी समाज के प्रति क्या नजरिया है। निश्चित रूप से इसका सकारात्मक असर आदिवासी समाज पर पड़ेगा और यह भाजपा के लिए आदिवासी बहुल क्षेत्रों में संजीवनी का काम करेगा।

# 76 साल के बाद खलारी की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली है : संजय सेठ

## ● सांसद संजय सेठ ने 62 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

## ● इस साल रांची लोकसभा क्षेत्र को मिले 1900 करोड़, आजादी के बाद रिकॉर्ड

## ● पीएम मोदी की गारंटी और अश्विनी वैष्णव की सक्रियता और संजय सेठ की पहल रंग लायी

## ● रांची लोकसभा क्षेत्र से 15 हजार भक्तों को करायेंगे रामलला का दर्शन: सांसद

लोकप्रियता : जब 10 साल के बच्चे ने कहा- यह तो सांसद संजय सेठ हैं, मोदी के सांसद हैं

### सांसद संजय सेठ के साथ एक दिन

राकेश सिंह






**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार का दिन। सुबह के छह बजे थे। रांची के सांसद संजय सेठ काजू बागान हेहल स्थित अपने आवास के गेट से बाहर निकले। ठीक गेट के बाहर कई लोग उनसे मिलने आये थे। हाथों में कागज, जुबान पर समस्या और आंखों में उम्मीद लिये लोग उनकी ओर बढ़े। संजय सेठ भी एक कुर्सी पर बैठे और बड़े धैर्य के साथ एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनीं। यह सिलसिला करीब तीन घंटे तक चला। इस बीच संजय सेठ ने ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन करने की कोशिश की। कई समस्याओं को सुलझाने के लिए समय मांगा। कई तो वहीं सुलझ गयीं। जिन लोगों की समस्या सुन ली गयी, वे चेहरे पर मुस्कान भरी उम्मीद लिये निकलते गये। इन तीन घंटों में मैंने देखा कि वह व्यक्ति एक मिनट के लिए भी फुर्सत में नहीं था। फिर 9 बज कर 15 मिनट पर उनकी गाड़ी खलारी के लिए रवाना हुई। हम भी उनके पीछे-पीछे हो लिये। बीच में उनकी गाड़ी कांके में रुकी। पता चला कि किसी की मृत्यु हो गयी है। वहां उन्होंने शोकाकुल परिवार के साथ कुछ क्षण बिताये। उसके बाद वह अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए आगे बढ़े। इस बीच मैंने पाया कि उन्होंने तो नाश्ता भी नहीं किया है। हमें लगा कि रास्ते में नाश्ता की योजना होगी। हमने भी नाश्ता नहीं किया था।

सबसे पहले संजय सेठ की गाड़ी बुकबुका पंचायत अंतर्गत शहीद चौक पर रुकी। वहां उन्होंने पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ में विधायक समरीलाल भी मौजूद थे। उसके बाद श्रीश्री जानकी रमण मंदिर के पास गाड़ी रुकी। संजय सेठ ने मंदिर में जाकर दर्शन किया। वहां भी उन्होंने दो पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद काफिला पहुंचा माली बागान के पीछे। वहां उन्होंने 400 फीट पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यहां पर मिट्टी का रास्ता था, जो बारिश के कारण और भी खराब हो गया था। जैसे ही सांसद संजय सेठ ने शिलान्यास किया वहां मौजूद महिलाओं की आंखों में खुशी के आंसू आ गये। उन्होंने कहा कि अब लगता है कि यहां सड़क का निर्माण हो जायेगा, क्योंकि आपने इस क्षेत्र में पहले भी कुछ शिलान्यास किये हैं और वह कार्य समय पर पूरा हुआ है। उसके बाद संजय सेठ विद्या सागर प्राथमिक स्कूल पहुंचे। वहां उन्होंने डीप बोरिंग और शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यहां एक 10 साल का बच्चा मिला। कह रहा था कि यह तो सांसद संजय सेठ हैं। यह तो मोदी के सांसद हैं। इस 10 साल के बच्चे ने उस क्षेत्र में मोदी और सांसद संजय सेठ की लोकप्रियता के बारे में प्रमाण दे दिया। इसे कहते हैं बच्चों-बच्चों की जुबान पर नाम होना। यह तभी मुमकिन है, जब कोई क्षेत्र में बढ़िया काम कर रहा हो, वहां बराबर आता-जाता हो। वैसे तो कई सांसद ऐसे भी होते हैं, जो अपने क्षेत्र में सिर्फ चुनाव के समय ही दिखाई पड़ते हैं, लेकिन संजय सेठ सुबह से ही अपने क्षेत्र के लिए निकल जाते हैं। मेहनत क्या होती है संजय सेठ की रोजमर्रा की जीवन शैली से समझा जा सकता है। ऐसे ही वह रांची लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नहीं कहलाते। उनकी कोशिश रहती है कि वह अपने क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलें और उनकी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करें। विद्या सागर प्राथमिक स्कूल में छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति के लिए तैयारी भी की थी। वहां आवाज आयी कि सांसद के पास समय की कमी है। नृत्य नहीं देख पायेंगे, लेकिन संजय सेठ ने छात्राओं की ओर देखा, तो समझ गये कि इससे छात्राओं का कांफिडेंस टूटेगा। छात्राओं ने बहुत मेहनत की होगी। सो वह कुर्सी पर बैठ गये और उस कार्यक्रम को सराहा। छात्राएं बहुत खुश हुईं। इसी को कहते हैं जमीनी नेता। जो लोगों की भावनाओं को समझता हो, उनका सम्मान करता हो। उसके बाद दिन भर शिलान्यास का दौर चलता रहा। रविवार के दिन कुल 10 शिलान्यास हुए, जिनमें रेलवे से जुड़ी दो परियोजनाएं भी शामिल थीं। एक राय फाटक के पास ओर दूसरा खलारी स्टेशन फाटक के पास रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास। जब शिलान्यास का दौर खत्म हुआ, तब शाम करीब चार बजे हमने खाना खाया। मैंने संजय सेठ से पूछा, आपने नाश्ता कब किया। उन्होंने अपनी टिफिन दिखायी और कहा कि थोड़ा गाड़ी में ही खा लिया था। टिफिन में पराठा और मूली साग था। उसके बाद आजाद सिपाही की टीम और संजय सेठ रांची के लिए निकल गये। संजय सेठ को अन्य कार्यक्रमों में जाना था और रात को दिल्ली के लिए रवाना होना था। इस एक दिन में समझ में आ गया कि एक सांसद को कितना काम होता है। उसे हर व्यक्ति से मुस्कुरा कर मिलना भी है। उसकी समस्याओं को सुलझाना भी है। अगर वह व्यक्ति किन्हीं कारणों से नाराज है, तो उसकी नाराजगी भी दूर करनी है। संजय सेठ की ऊर्जा का कारण उनका नियमित कार्य करना है। यही उनकी पहचान भी है और उनकी जीवनशैली भी।

**(सहयोगीः सुनील सिंह, खलारी से देवनारायण गंझू और फोटो प्रदीप ठाकुर)**

### खलारी प्रखंड में योजनाओं की झड़ी

सांसद संजय सेठ ने रविवार को खलारी प्रखंड में योजनाओं की झड़ी लगा दी। एक दिन में लगभग 62 करोड़ की 10 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें खलारी के मैकलुस्कीगंज में रेलवे ओवरब्रिज और राय में एक रेलवे अंडरपास वे का शिलान्यास शामिल है। इन दोनों योजनाओं की लागत लगभग 32 करोड़ रुपये है। वहीं डीएमएफटी के तहत चुरी उत्तरी पंचायत के केडीएच में विद्यासागर विद्यालय में एक जलमीनार का शिलान्यास सहित कई पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह संयोग है कि पीएम मोदी बहुत जल्द देश में 1000 अंडरपास और फ्लाइओवर का शिलान्यास करने जा रहे हैं। यह आजादी के 76 साल में पहली बार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि अब उन्हें रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। काफी वर्षों से ग्रामीणों की ओर से रेलवे ओवरब्रिज की मांग की जा रही थी। अब 32 करोड़ रुपये की राशि से दो साल में ओवरब्रिज निर्माण कार्य हो जायेगा। कहा कि रांची की सौदाग बस्ती में भी अंडरपास का उद्घाटन कर दिया गया है। चांडिल में भी लगभग 90 प्रतिशत काम हो गया है। वह भी लगभग 22 करोड़ रुपये का है। यहां भी पांच करोड़ की लागत से अंडरपास बन रहा है। नगड़ी में भी जो आरओबी रुका हुआ था, वह बन रहा है। इसी तरह चुटिया में दो फ्लाइओवर का कार्य जल्द शुरू हो जायेगा। संजय सेठ ने कहा कि इस साल 1900 करोड़ रुपये रांची लोकसभा को मिले हैं। यह आजादी के बाद अपने आपमें एक रिकॉर्ड है। लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से रांची रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वहीं 388 करोड़ की लागत से हटिया रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। लगभग 80 करोड़ की लागत से नगड़ी स्टेशन, लगभग 65 करोड़ की लागत से नामकुम स्टेशन, 50 करोड़ की लागत से टाटीसिलवे, लगभग 70 करोड़ की लागत से मुरी-सिल्ली स्टेशन का कायाकल्प होगा। इसी तरह मेसरा रेलवे स्टेशन का भी सौंदर्यीकरण हो गया है। कहा कि 1947 से लेकर 2022 तक को एक तराजू पर तौल लीजिये और अभी के एक साल को एक तराजू में रख लीजिये। अंदाजा लग जायेगा कि रांची लोकसभा में रेलवे में कितना काम हुआ। यह सब पीएम मोदी की गारंटी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के आशीर्वाद के कारण हो पाया। उन्होंने कहा कि अभी एक महीने के अंदर रांची लोकसभा में 12 आरओबी और अंडरपास का शिलान्यास होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में रांची लोकसभा क्षेत्र के 15 हजार भक्तों को रामलला का दर्शन कराया जायेगा।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.2 °C | 12.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |



## महानगर भाजपा की ओर से राजभवन के सामने धरना दिया गया, गिरफ्तारी और इडी को केस सौंपने की मांग

# धीरज साहू प्रकरण : भाजपा ने किया आक्रोश प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की बरामदगी को लेकर भाजपा ने रविवार को झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में धरना दिया। रांची में भी महानगर भाजपा की ओर से राजभवन के सामने धरना दिया गया। धरना में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, कमाल खान समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने धरना देकर धीरज साहू को गिरफ्तार करने और केस को इडी को सौंपने की मांग की।

### कांग्रेस के डीएनए में ही भ्रष्टाचार : सीपी सिंह

मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही भ्रष्टाचार है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में लगे हैं। कांग्रेस ने ये पैसे तीन राज्यों के चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त और रिसार्ट पॉलिटिक्स के लिए रखा होगा। उन्होंने सांसद धीरज साहू को गिरफ्तार करने की मांग की।

### इडी और सीबीआइ को करनी चाहिए पूछताछ: प्रतुल

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस पूरे मामले में इडी और सीबीआइ को भी सामने आना चाहिए और सांसद धीरज साहू से कड़ाई से पूछताछ की जानी चाहिए। कांग्रेस के जब सिर्फ एक सांसद के पास अरबों का कैश है, तो सोचिए पूरी पार्टी ने कितने खरब का गोलमाल किया होगा।



### कांग्रेस का मतलब ही भ्रष्टाचार : सुरेंद्र महतो

धरने की अध्यक्षता करते ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि ऐसे सांसद को जेल में होना चाहिए जो गरीबों के हक को मारकर अपना घर भरते हैं। कांग्रेस का मतलब ही भ्रष्टाचार है। इतने रुपये को कांग्रेस सांसद धीरज साहू जरूर अपने आका राहुल गांधी तक पहुंचाने में लगे होंगे तो पहुंचने से पहले आयकर विभाग द्वारा पकड़ लिया गया। महानगर महामंत्री वरुण साहू ने कहा कि ऐसे भ्रष्ट सांसद को जेल में चक्की पिसवाना चाहिए और जेल में भी इन्हें जेनरल वार्ड में सजा भुगतनी चाहिए ताकि कोई दूसरा सांसद झारखंड के लोगों को लूटने का घिनौना कृत न कर सके। धरने का संचालन महानगर महामंत्री बलराम सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर गंगोत्री कुजूर, प्रतुल शाहदेव, रामकुमार पाहन, रमेश सिंह, कमाल खान, राजश्री जयंती, राजू सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, मानकी राजेंद्र शाही, मनोज वाजपेई, जितेंद्र वर्मा, ललिता ओझा, रामलगन राम, रोमित नारायण सिंह, गोपाल सोनी, सुजीत शर्मा, सुवेश पांडेय, विनोद महतो, सुभाष अग्रवाल, मुनेश्वर साहू, उमेश यादव, राकेश शर्मा, पायल सोनी, आदि उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## रिटायर्ड अधिकारी संजय सिंह और हृदयानंद ने थामा कांग्रेस का दामन

# भ्रष्टाचार से जोड़ कर कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश है : अविनाश पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा से रिटायर अधिकारी डॉ संजय सिंह और कारगिल युद्ध में भूमिका निभाने वाले हृदयानंद यादव ने रविवार को कांग्रेस का दामन थामा। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय में दोनों पार्टी में शामिल हुए।

अविनाश पांडेय ने कहा कि कांग्रेस में उनके आने से पार्टी में मजबूती मिलेगी। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी ज्वाइन की है। पार्टी के सैद्धांतिक विचारों पर चलने का उन्होंने वादा किया है। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां बरामद नगदी पर भाजपा के हमले को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार से जोड़ कर कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इस साजिश को कांग्रेस पार्टी नाकाम करेगी।

**साजिश को बेनकाब करेगी कांग्रेस पार्टी**

### धीरज साहू के पास मिले पैसे से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं: अविनाश पांडेय

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को रांची पहुंचे। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही अविनाश पांडेय से पत्रकारों ने धीरज साहू के ठिकानों से मिली राशि को लेकर सवाल किया। इस पर प्रदेश प्रभारी ने साफ कहा कि उनके पास मिले पैसे से कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह उनका निजी मामला है। अविनाश पांडेय ने कहा कि सभी को पता है कि साहू परिवार झारखंड और राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े व्यावसायिक घराने की श्रेणी में आता है। आयकर विभाग ने इस मामले में अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। जब तक आधिकारिक रूप से आइटी की टीम कोई जानकारी नहीं देती और खुद धीरज साहू के परिवार वाले अपना पक्ष नहीं रखते हैं, तब तक पार्टी इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि समय आने पर पार्टी भाजपा के हर सवाल का जवाब देगी। इधर अविनाश पांडेय के रांची पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, शहजाना अनवर, सुबोधकांत सहाय, रवींद्र सिंह, जयशंकर पाठक, गुंजन सिंह सहित अन्य ने स्वागत किया।

## भ्रष्टाचार मुक्त भारत मोदी की गारंटी : भाजपा

# मुहब्बत की दुकान के काउंटर से मिल रहे करोड़ों: लक्ष्मीकांत

**आगामी विस चुनाव में भाजपा नेतृत्व में मजबूत सरकार बनेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। डॉ वाजपेयी एक दिवसीय प्रवास पर रांची आये। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से लगातार बरामद हो रहे करोड़ों रुपये कांग्रेस के मुहब्बत की दुकान के काउंटर से मिलने वाले पैसे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की चुप्पी यह साबित कर रही है ये पैसे उनके हैं। उनकी सरकारों के हैं। उन्ही के नेताओं के हैं। ये जनता के गाढ़ी कमाई के लूटे हुए पैसे हैं।



उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत मोदी की गारंटी है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। कहा कि विचारों के साथ मां भारती की सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का परिश्रम और चमत्कारिक नेतृत्व ही भाजपा की ताकत है। तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्पित है।

### हेमंत सरकार ने चौतरफा नुकसान किया

कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड को चौतरफा नुकसान किया है। जल, जंगल, जमीन को लूटा और लूटवाया। युवाओं को धोखा दिया। किसानों को निराश किया। राज्य की विधि-व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं की स्थिति भयावह है। लव जिहाद, धर्मांतरण चरम पर है। बांग्लादेशी घुसपैठियों से प्रदेश की डेमोग्राफी बदल गयी। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व में मजबूत सरकार बनेगी।

### धीरज साहू के बिजनेस से कांग्रेस का लेना- देना नहीं : जयराम रमेश

**खड़गे ने प्रदेश कांग्रेस से मांगी रिपोर्ट**



**रांची।** राज्यसभा सांसद धीरज साहू के बिजनेस से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। आयकर अधिकारियों द्वारा उनके ठिकानों से इतनी बड़ी मात्रा में कैश बरामद किया जा रहा है। इस कैश के बारे में सिर्फ वही बता सकते हैं और उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए। यह कहते हुए कांग्रेस ने धीरज साहू प्रकरण से पल्ला झाड़ लिया है। खबर है कि इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड कांग्रेस से रिपोर्ट तलब की है। कांग्रेस पूरी तरह से बैकफुट पर नजर आ रही है। जयराम रमेश के बयान के बाद कांग्रेस इस पूरे प्रकरण से अपने को बचाने की कोशिश में जुट गयी है। बता दें कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू इन दिनों मुसीबत में फंस गये हैं। उनके घर और ठिकानों पर आयकर की रेड में करोड़ों रुपये की राशि मिली है, लगातार चार दिनों से छापेमारी जारी है, नोटों की गिनती अभी भी चल रही है। 136 बैग में भरे कैश की काउंटिंग बाकी है। कांग्रेस खुद को घिरते देख धीरज साहू प्रकरण से पीछा छुड़ाते दिख रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर कहा है कि धीरज साहू के बिजनेस से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है।

## बन्ना गुप्ता ने धीरज साहू के खजाने से झाड़ा पल्ला, कहा

# कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना नहीं

**रिश्वत का पैसे होने से किया इनकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी से मामला गरमा गया है। इस मामले पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। बन्ना गुप्ता ने सीधे तौर पर धीरज साहू की नकदी से पल्ला झाड़ लिया। मंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट करने की जिम्मेदारी केंद्रीय एजेंसी पर है कि पैसा कहां से आया।



बन्ना गुप्ता ने आगे कहा कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद साहू एक बड़े कारोबारी परिवार से हैं। वह कई वर्षों से अपना व्यवसाय चला रहे हैं। आयकर अधिकारियों को बरामद धन के स्रोत के बारे में तथ्यों का पता लगाने के लिए उचित जांच करनी चाहिए।

### जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट होगा

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि उन्होंने रिश्वत के पैसे छिपा कर रखे थे। जांच चल रही है। जांच के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। हालांकि, यह धीरज साहू का निजी मामला है और इसका पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

# बंधु जवाब तो देना ही पड़ेगा : जेपी नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकाने से मिले करोड़ों रुपये के मामले को लेकर भाजपा पूरी तरह आक्रामक हो चुकी है। भाजपा के केंद्रीय नेता भी इस मामले में कांग्रेस को घेर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्विट कर कहा कि बंधु जवाब तो देना पड़ेगा, तुमको भी और तुम्हारे नेता राहुल गांधी को भी। ये नया भारत है, यहां पर राजपरिवार के नाम पर जनता का शोषण नहीं करने दिया जायेगा।



भागते-भागते थक जाओगे, लेकिन कानून पीछा नहीं छोड़ेगा। अगर कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है तो मोदी जी भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की गारंटी है, जनता की लूटी हुई पाई-पाई लौटानी पड़ेगी।

# बाबूलाल ने छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त सीएम को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। स्पीकर के लिए रमन सिंह को मनोनीत करने बधाई दी। श्री मरांडी ने कहा कि श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार जनता के लिए मोदी की गारंटी को धरातल पर तीव्र गति से उतारेगी। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने फिर एक बार बड़ा सम्मान दिया है। कहा कि साय मंत्रीमंडल सबका साथ, सबका विकास के लिए समर्पित रहेगी।



## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल हुए डॉ रामेश्वर उरांव

# कोल कंपनियों पर बकाया 78,270 करोड़ का भुगतान कराया जाये: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की पटना में हुई बैठक में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने हिस्सा लिया। उनके साथ मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, वित्त सचिव अजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। इसमें संसाधनों के वितरण, करों में हिस्सेदारी, राज्यों के पारस्परिक विवाद, उग्रवाद, कानून और व्यवस्था पर चर्चा की गयी।

डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि कोल कंपनियों द्वारा राज्य सरकार की 80 हजार एकड़ से भी अधिक सरकारी भूमि का उपयोग किया गया है, जिसके बदले में राज्य सरकार को अब तक 78,270 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश को दिया जाये। कोल कंपनियों का यह दायित्व है कि बंद खदानों का विधिवत क्लोजर कराया जाये, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण जानमाल को नुकसान हो रहा है। दामोदर घाटी निगम द्वारा तैयार 18 हजार चेक डैम का डिटेल्स राज्य सरकार को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण रिनोवेशन का कार्य शुरू नहीं हो सका है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किये गये जल जीवन मिशन के सफल अभियान का लक्ष्य वर्ष 2024 तक पूरा करने के लिए प्रत्येक नागरिक को नल कनेक्शन दिये जाने के लिए झारखंड द्वारा प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। अब तक 45 प्रतिशत घरों तक नल जल की सुविधा प्राप्त हो गयी है। झारखंड के कई जिले के भूगर्भ जल की अनुपलब्धता के कारण साहिबगंज से गंगाजल लाने की वृहद् योजना पर कार्य चल रहा है। इस योजना को पूर्ण करने की समयसीमा बढ़ायी जाये। कहा कि उग्रवाद को जड़ से समाप्त करने की राज्य और केंद्र सरकार की संयुक्त जिम्मेवारी है। अगर केंद्र सरकार मानती है कि उग्रवाद को समाप्त करना केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त जिम्मेवारी है, तो ऐसी परिस्थिति में प्रतिनियुक्ति के लिए राशि के भुगतान की मांग नहीं की जानी चाहिए।




# राज्य की वर्तमान व्यवस्था से जनता नाखुश : सुदेश



**आजसू पार्टी का मिलन समारोह**

**जेएमएम-कांग्रेस के पदाधिकारियों समेत सैकड़ों ने थामा पार्टी का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य की मौजूदा व्यवस्था से जनता खुश नहीं है। सरकार की गलत नीतियों का असर आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा है। गैर जवाबदेह शासन ने प्रदेश को पीछे धकेला है। जिन्हें लोगों ने सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी, वे जनता का विश्वास जीतने में पूर्णतः विफल रहे हैं। उक्त बातें केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान लोहरदगा, जमशेदपुर और रांची से आये जेएमएम, कांग्रेस के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने सैकड़ों की संख्या में पार्टी की सदस्ता ग्रहण की।

सुदेश महतो ने कहा कि अच्छे विचार के साथ प्रदेश में काम करने का समय आ गया है। 2024 में हम सभी को मिल कर झारखंड को विकास की पटरी पर लाना है। प्रदेश में अच्छे विचार के साथ काम करने का समय आ गया है। आजसू पार्टी जनता के उत्थान के लिए मंच देगी।

### इन्होंने ली आजसू की सदस्यता

**लोहरदगा**-कलमजीत सिंह सरदार, मुस्तफा खलीफा, इकरामुल अंसारी, राजू उरांव, अब्दुल अंसारी, राम नंदन भगत, रेयाजुद्दीन अंसारी, तेजप्रताप साही, कबीर, तारकेश्वर महतो, बिलेसर महतो, राजू उरांव, विकास, मनीष, राजू बैठा, राजेश, सोनू यादव, राजबहादुर पाहन, अखिलेश यादव, राजकुमार यादव, सागर वर्मा, संदीप भगत, नीरज, विक्रम, मनोज, लाल मिथलेश नाथ, सूरज सिंह, संजीव शर्मा, जतरु मुंडा, एन कुजूर, मनोज साहू, सुरेंद्र प्रजापति, नीरज सिंह, मनोज, गदुर, संतोष, सत्येंद्र, अमन, इम्तियाज, सुमित, रमेश रामानंद, राजेश, संजय, रामकिशुन, विजय प्रसाद, जीतू सिंह, सरफराज, शबनम, इस्लाम, मोजाहिम समेत सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हुए।
**जमशेदपुर**-सीमा देवी, मुकेश यादव, जूनियर धीरज यादव, काजल मुखी, सांवली, रंजीता मुखी, रोहित, ऋतिक, कुणाल, राकेश, अमित, मंटू, बालेश्वर, संजू, सुमन, रितेश, जयदीप, जुगेश, लेखराज, उमेश, सुषमा, जॉय, भलेरिया, कौशल्या, ललिता, फंसीका, घनश्याम, लक्खी, भोला।
**रांची**- शिक्षक संघ के महासचिव प्रदुम्न पांडेय, महेंद्र शर्मा, नवल किशोर सिंह, संजीव कुमार महतो, जलेश्वर महतो, राजेश कुमार महतो, राजकिशोर महतो, राजेंद्र बेदिया, अविनाश कुमार, वंशी गोंझू, संजय गोंझू, राजेंद्र मुंडा, नरेश गोंझू, मोहराई गंझू, कमल गोंझू, सुरेश गोंझू।

### झारखंड अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पाया

जेएमएम के लोहरदगा जिला सचिव रहे रंतु उरांव ने कहा कि जिस आशा और उम्मीद से झारखंड का निर्माण हुआ, उसका एक कतरा भी पूरा नहीं हुआ। धीरज कुमार यादव ने कहा कि जेएमएम से 26 साल के रिश्ता को तोड़ आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। मौके पर पार्टी के देवशरण भगत, हसन अंसारी, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, मुकुंद चंद्र मेहता, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## उपराष्ट्रपति का राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। उपराष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार जगदीप धनखड़ रविवार को रांची पहुंचे। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर उपराष्ट्रपति का बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

## आशा लकड़ा ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने रविवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री से झारखंड की स्थिति पर चर्चा की। साथ ही झारखंड सरकार की कार्यशैली और केंद्रीय योजनाओं की प्रगति समेत सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की।



## दीक्षांत समारोह में मिली पीएचडी की डिग्री



रांची (आजाद सिपाही)। आइआइटी-आइएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह में रविवार को अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक और नेचुरल रिसोर्सेस के सीइओ विनय प्रकाश को आइआइटी-आइएसएम के निदेशक प्रो जेके पटनायक ने पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। अदाणी दायित्यपूर्ण खनन के तहत हजारीबाग के गोंदलपारा में खनन परियोजना विकसित करने की प्रक्रिया में है।

# आदिवासी योद्धा बिरसा मुंडा पर बनेगी फिल्म

**उलिहातू में मार्च से शूटिंग का श्रीगणेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की वीरता और संघर्ष से काफी प्रभावित होकर अभिनेता सुची कुमार ने धरती आबा पर फिल्म बनाने की पूरी तैयारी पूरी कर ली है। साल 2024 के मार्च में भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू से फिल्म की शूटिंग शुरू करने की बात कही गयी है। अभिनेता सुची कुमार ने बिरसा मुंडा पर फिल्म बनाने की बात मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने बताया कि फिल्म के निर्देशक एन राघवन हैं। वे भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रभावित होकर फिल्म बनाने के लिए काफी गंभीर हैं। अभिनेता ने कहा कि इस फिल्म को लेकर बीते पांच सालों से भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर अध्ययन कर रहा हूं। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने भगवान धरती के गांव जाकर उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और काफी बारीकी से जानकारी लेने की कोशिश की। साथ ही पुराने लोगों से मिल कर उनके रहन-सहन, जीवन-यापन पर जानकारी लेकर अन्य विषयों पर भी वह निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

### ऐसी बनेगी फिल्म

फिल्म के निर्देशक एन राघवन चाहते हैं कि एक ऐसी फिल्म बने



कि लोगों को लगे कि वे जीवित भगवान बिरसा मुंडा को देख रहे हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई जारी रखी हुई है। यह फिल्म ऐसी होगी कि झारखंड ही नहीं, देश-विदेश में भी लोग भगवान बिरसा मुंडा की वीरता से प्रेरणा लेंगे।

### मुख्यमंत्री और राज्यपाल से कर चुके हैं मुलाकात

फिल्म को लेकर अभिनेता सुची कुमार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास से भी मुलाकात कर जानकारी दे चुके हैं। बता दें कि बीते 4 दिसंबर को मुंबई के मलाड में चिल्ड्रेन वेलफेयर सेंटर कालेज ऑफ लॉ के सभागार में प्रधानमंत्री भारत आत्मनिर्भर अभियान सगंठन द्वारा जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल सेठी की उपस्थिति में बिरसा मुंडा पर फिल्म निर्माण को लेकर पोस्टर लांच किया गया है।

# चुनाव में आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार रहें सदान : राजेंद्र

**मूलवासी सदान मोर्चा की विचार गोष्ठी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि आगामी लोकसभा-विधानसभा चुनाव में हक के लिए आर-पार की लड़ाई के लिए मूलवासी सदान तैयार रहें। राजा जब न्याय देने में पक्षपात करे, तो महाभारत होना तय है। वह रविवार को मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से 2024 के चुनाव की रणनीति को लेकर आयोजित विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। गोष्ठी का आयोजन ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हॉल कोकर में किया गया था। कहा कि आजादी से लेकर झारखंड अलग राज्य तक की लड़ाई में मूलवासी सदानों ने शहादत दी, लेकिन राज्य में एक ही समुदाय की बात होती है और बहुसंख्यक 65 प्रतिशत मूलवासी सदानों की हमेशा से अनदेखी की जाती रही है। उन्होंने सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चुनाव के पूर्व स्थानीय नीति को 1932 के आधार पर परिभाषित करने का वादा किया था, लेकिन भूल गये। इतना ही नहीं, जो व्यक्ति स्थानीय नीति 1932 के



खिलाफ हाइकोर्ट में मुकदमा लड़ा, उसी व्यक्ति को राज्य का महाधिवक्ता बना कर उपकृत किया। कहा कि सदानों के साथ किसी भी सरकार ने न्याय नहीं किया है। राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बना कर सदानों के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं, लेकिन अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गोष्ठी में रांची में बड़ी रैली करने का निर्णय भी लिया गया। झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने कहा कि प्रत्येक जाति, समुदाय और राजनीति में सिर्फ एक ही नेता होता है, जिससे समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने मूलवासी सदानों की पीड़ा को गीत के रूप में गाकर प्रस्तुत किया।

डॉ सुदेश कुमार साहू, नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद ने सदानी, नागपुरी सहित अन्य और तीन भाषाओं की से पढ़ाई प्राथमिक स्तर से कराने की मांग की। अमित साहू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की सरकार में ओबीसी के आरक्षण को घटाया गया और पंचायत को पूरी तरह से आरक्षित किया गया था, जिससे मूलवासी सदानों के अधिकार का हनन हुआ।

### आला नेताओं से मिलेगा मोर्चा

केंद्र और राज्य सरकार के अलावा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी 15 सूत्री मांग पत्र भेजने का निर्णय हुआ। मांग पत्र में स्थानीय नीति को परिभाषित करने, विधानसभा की सीट को 81 सीट से बढ़ा कर 160 करने, लोकसभा की सीट को 14 से बढ़ा कर 28 करने समेत अन्य मांग शामिल हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

डॉ रामप्रसाद, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ विजय प्रकाश, डॉ संजय कुमार षाड़ंगी, विश्वनाथ गोप, इंद्रदेव शास्त्री, विरन महतो, विक्रम कुमार, मीडिया प्रभारी विशाल सिंह, विशाल कुमार साहू, अमित साहू, चंदन कुमार प्रसाद, डॉ पीआर लाहा, डॉ रवि भूषण साहू, राजेश कुमार, मंजूर खान समेत अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा मध्यप्रदेश अध्यक्ष ने सांसद दीपक प्रकाश का जताया आभार

**दीपक प्रकाश को मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग का जिम्मा मिला था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली अभूतपूर्व जीत के लिए मध्यप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के द्वारा चुनाव में की गयी मेहनत और जीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए पत्र लिख कर आभार जताया है।

श्री शर्मा ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश



विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व विजय प्राप्त करते हुए इतिहास रचा है। लिखा है, लोकतंत्र के इस विराट विजय के आप अप्रतिम ध्येययात्री रहे हैं। चुनाव में आपकी प्रभावशाली ऊर्जापूर्ण उपस्थिति और अनुभव ने भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। भविष्य में भी मार्गदर्शन और सहयोग मध्यप्रदेश भाजपा को मिलता रहेगा।

बताते चलें कि दीपक प्रकाश को मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग का जिम्मा मिला था। जहां लगभग दो महीने तक संभाग के सभी विधानसभाओं में घूम-घूम कर कार्यकर्ताओं के साथ अप्रत्याशित जीत में भूमिका निभायी। शहडोल संभाग के एक विधानसभा पुष्पराजगढ़ को छोड़कर सभी विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

# आइरिस सुपरस्पेशियलिटी आइ हॉस्पिटल का सीएमइ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइरिस सुपर स्पेशियलिटी आइ हॉस्पिटल के डॉ सुबोध सिंह के नेतृत्व में सीएमइ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, डॉ पार्थ बिश्वास, डॉ चैत्रा जयदेव, डॉ आनंद विनेकर, डॉ मधुसूदन दवाड़ा समेत अन्य नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे। इसके अलावा, रांची और पास के क्षेत्र से 50 से अधिक अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों ने सम्मेलन को साझा किया। सीएमइ के दौरान आयोजित व्याख्यान ने विभिन्न तकनीक और आंतरदृष्टि प्रदान करने के साथ-साथ नये रोगों की पहचान और इलाज के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गयी। इस आयोजन ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम विकासों और उत्कृष्टता के प्रमोशन का माध्यम बनाया है, जो नेत्र रोगों के समीक्षण और उपचार में सुधार करने के लिए है।

डॉ सुबोध सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि सीएमइ का आयोजन सफलतापूर्वक किया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी और चिकित्सा प्रणालियों को प्रमोट करना था, ताकि हम रोगियों को और बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें।

# न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी, मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/रांची।** न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि की ओर से होटल श्री विनायक और बरही के होटल हाइवे इन में रविवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था- आगामी आइआइटी और मेडिकल के परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक और अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये। मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास का जरूरत है। भौतकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतकी की तैयारी से संबंधति जानकारी दी और समारोह के अंत में न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार अगर कक्षा नौवीं से योजना बना कर तैयारी की जाये, तो और बेहतर होगा।

पंकज कुमार एवं मदन मोहन ने कहा कि पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से स्पष्ट है कि लगभग 40-50 प्रतिशत प्रश्न काफी ही आसान होते हैं, जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है। 20-30 प्रतिशत थोड़ा कठिन होता है, उसे भी जिस बच्चे का बेसिक सही है, बना सकते हैं और 20 प्रतिशत प्रश्न कठिन होते हैं, जो सिर्फ अच्छे बच्चे से ही बन सकता है। प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी की पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे, तो अधिक फायदा होगा।

क्विज प्रतियोगिता में संत जेवियर स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया।

एडमिशन टेस्ट हर रविवार को

न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी एनटीपीएल के ऑफिस से लिये जा सकते हैं। फोन नंबर 0651-2563018, 9204793521, 9708423600 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### गृह रक्षा वाहिनी के चार कंपनी कमांडर ट्रेनिंग में पास

रांची (आजाद सिपाही)। पुलिस अकादमी हजारीबाग में गृह रक्षा वाहिनी के कंपनी कमांडर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार कंपनी कमांडर उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें रांची मुख्यालय के सुमन कुमार, चतरा के प्रभु उरांव, गढ़वा के आनंद नायक और साहिबगंज के राज रोशन उरांव शामिल हैं। आइजी ट्रेनिंग ने आदेश जारी कर कहा है कि गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय रांची के कमांडेंट इस परीक्षाफल को अपने स्तर से संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

### झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना पांच किलो चावल को लेकर बने नियम

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन के लिए नये सिरे से नियम बनाये हैं। इसके तहत अब कस्टम्ड मिल्ड राइस से खाद्य सुरक्षा के लाभुकों को हर माह पांच-पांच किलो चावल का वितरण किया जायेगा। वहीं अगर सीएमआर के जरिये चावल उपलब्ध नहीं होता है, तो भारतीय खाद्य निगम या किसी अन्य राज्यों से चावल की खरीद कर लाभुकों को वितरित किया जायेगा। वहीं, इससे भी चावल की आपूति नहीं हो पाती है, तो कृषि विभाग के नियमों के आधार पर टेंडर कर चावल खरीदा जायेगा। इसमें आपूर्तिकर्ता को गोदाम तक पांच किलो के बंद पैकेट में चावल पहुंचाना होगा। खाद्य आपूर्ति विभाग इसके लिए अलग से कोई परिवहन शुल्क नहीं देगा। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है।

### सरना प्रार्थना सभा सह वर्षगांठ पर खुशहाली की कामना की



रांची (आजाद सिपाही)। सरना प्रार्थना सभा सह वर्षगांठ का आयोजन रविवार को कांके रोड मिसिर गोंदा के मुख्य सरना पूजा स्थल में किया गया। बिरसा पाहन ने सरना पूजा स्थल में झंडा गड़ी कर पूजा अर्चना की। पाहन के नेतृत्व 12 गांवों के लोग सामूहिक रूप से प्रार्थना कर खुशहाली की कामना की। अध्यक्ष आशा उरांव, कोषाध्यक्ष कोयली उरांव, सचिव बसंती कुजूर, मालू पाहन, जगन्नाथ उरांव, मंगा उरांव, सुरेश टोप्पो, सूरजु उरांव, शिबू उरांव, देव नारायण खलखो, माधो उरांव, कृष्णा उरांव, मुकेश लकड़ा, अनिल उरांव, नकुल तिर्की, भानु उरांव, मुन्ना गाड़ी, प्रदीप लकड़ा, अगंतु तिर्की मौजूद थे।

### सीएम से उर्दू शिक्षकों की वार्ता जल्द करायी जायेगी : महुआ माजी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक का एक शिष्टमंडल संघ के महासचिव अमीन अहमद के नेतृत्व में मकसूद जफर हादी, शहजाद अनवर, मो फखरुद्दीन द्वारा राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी को जन्मदिन की बधाई दी गयी। संघ के महासचिव अमीन अहमद ने राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी से झारखंड में उर्दू सहित बांग्ला, ओड़िया और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की विभिन्न समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखा। सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि वे जल्द इन समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संघ की वार्ता के लिए समय उपलब्ध करायेंगी।

### बेबीज शॉप ने मनायी छठी वर्षगांठ



रांची (आजाद सिपाही)। चर्च कांप्लेक्स स्थित, बेबीज शॉप ने रविवार को छठी वर्षगांठ मनायी। इसमें हेल्दी बेबी शो और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी वेंडर्स और विशिष्ट ग्राहकों को समन्वित किया गया। हेल्दी बेबी शो में 36 माह तक के 25 से अधिक बच्चों संग परिजनों ने हिस्सा लिया। हेल्दी बेबी शो में मुख्य अतिथि डॉ सोनल रंजन, डॉ राजीव रंजन और डॉ अमिताभ कुमार ने कार्यक्रम के तहत बच्चों का गहन परीक्षण किया। बच्चे एवं उनके परिजन को खिलौना, किट और अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। हेल्दी बेबी शो में ऐसे बच्चों को शामिल किया गया, जिनका वजन सही था और टीकाकरण करवा चुके थे। इस कार्यक्रम में विजय जैन, राजेंद्र जैन, कृष्णा गुप्ता, रितेश जैन, गौतम महेश्वरी और अशोक शर्मा शामिल हुए।

### सरकारी स्कूलों को हाइटेक करने की कवायद

रांची (आजाद सिपाही)। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को अपने मोबाइल पर जे गुरुजी एप डाउनलोड करना होगा। शिक्षा सचिव ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और सभी सरकारी स्कूलों के हेडमास्टरों को पत्र लिखकर जे-गुरुजी एप का उपयोग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को फ्री में डिजिटल इ-कंटेंट और ऑनलाइन स्टडी की सुविधा देने के लिए विभाग ने 16 अक्टूबर को जे-गुरुजी एप लांच किया था। जे-गुरुजी एप एक मल्टीपर्पस मंच है, जो स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने के लिए वेब और मोबाइल एप्लिकेशन दोनों के जरिये सुविधा उपलब्ध कराता है। जे-गुरुजी एप में झारखंड कौंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग की ओर से उपलब्ध कराये गये इ-बुक, ऑडियो बुक और इ-पब उपलब्ध है। इसके अलावा एप में कक्षावार, विषयवार और अध्यायवार वीडियो और नोट्स भी मौजूद हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# एक भारत - श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का समापन आज

- स्कूलों में मनेगी सुब्रमण्यम भारती की जयंती
- कैनवास पर उकेरेंगे मातृभाषा के रंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया है। इस सांस्कृतिक बहुभाषी उत्सव में झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूली बच्चों को भारत राष्ट्र की महान भाषायी विविधता के गौरव की अनुभूति कराने वाले इस दिव्य उत्सव का समापन सोमवार को होगा। भारतीय भाषा उत्सव का समापन महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बहुभाषी थीम को गति देने के लिए राज्य के सभी स्कूलों में बड़े पैमाने पर बहुभाषी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। राज्य शिक्षा परियोजना ने राज्य के सभी जिलों को पत्र जारी कर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा बतायी है। साथ ही राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोमवार को सरकारी स्कूलों में पूर्व से निर्धारित परीक्षाओं और अन्य दूसरे आयोजनों को स्थगित कर आगे बढ़ाया जाये।

भारतीय भाषा उत्सव के समापन के मौके पर होने वाले उत्सवी कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और सामान्य जनता के सहयोग और सहभागिता को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। भारतीय भाषा उत्सव के समापन कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विद्यालयों को एक कैनवास तैयार करना होगा, जिसमें स्कूली बच्चे, अभिभावक, शिक्षक अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर कर अपनी मातृभाषा के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित करेंगे। इस बड़े कैनवास को स्कूल के मुख्य द्वार पर रखा जायेगा।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**दरिंदों से भीख मांगती रही कि मुझे छोड़ दो, लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजा, दोस्त से मिलने खूंटी से रांची आयी थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में एक बार फिर एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। घटना तुपुदाना ओपी क्षेत्र की है। हैवानों ने नाबालिग का पहले अपहरण किया, फिर उसे अपने साथ ले गये और रात भर उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग रोती बिलखती रही, दरिंदों से छोड़ देने की भीख मांगती रही, लेकिन उनका दिल नहीं पसीजा। घटना के संबंध में तुपुदाना ओपी पुलिस को रविवार की सुबह जानकारी मिली। नाबालिग का पुलिस ने मेडिकल कराया है और उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना के संबंध में नाबालिग ने



पुलिस को बताया है कि वह मूल रूप से खूंटी की रहने वाली है। अपने प्रेमी से मिलने के लिए खूंटी से रांची आयी हुई थी। लेकिन शनिवार की रात को प्रेमी के साथ उसकी कुछ अनबन हो गयी और वह उसके घर से बाहर निकल सड़क पर आ गयी।

**अकेली लड़की को देख पहले तीन युवकों ने किया नाबालिग को अगवा :** नाबालिग को अकेली देख पहले बाइक सवार तीन युवकों ने तुपुदाना क्षेत्र के हुलहुंदू के पास चर्च गेट के पास से उसे रात करीब 9 बजे अगवा किया। फिर उसे खरसीदाग स्थित एक सुनसान किशकी गांव के चुकरु जंगल में लेकर पहुंचे। जहां पहले से भी पांच युवक शराब पी रहे थे। उसके बाद हैवानों ने एक-एक करके रातभर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया। जब लड़की की स्थिति खराब होने लगी तो उसे बाइक से लेकर रात 12 बजे दसमाइल चौक के पास छोड़ दिया। लड़की किसी तरह एक ऑटो वाले की सहायता से रात ढेड़ बजे तुपुदाना थाना पहुंचीं। फिर उसने पूरी कहानी थाना प्रभारी मीरा सिंह को बतायी। थाना प्रभारी मीरा सिंह ने तुरंत इसकी जानकारी एसएसपी चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राज कुमार मेहता और हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा को दी। उसके बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक टीम बनायी गयी और सीसीटीवी को खंगलाना शुरू कर दिया गया।

**नाबालिग की स्थित हो गयी है खराब, कराया गया है अस्पताल में भर्ती :** नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी स्थिति खराब हो गयी है। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं घटना स्थल पर एफएसएल टीम से जांच करायी गयी है। घटना स्थल पर शराब की बोतलें पुलिस को मिलीं। जिससे आशंका जतायी जा रही है कि उन लोगों ने पहले शराब पी, फिर एक एक कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। शराब की बोतलों पर एफएसएल की टीम को कुछ फिंगर प्रिंट भी मिले हैं। पुलिस ने आठ युवकों पर मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई कर रही है। नाबालिग का मेडिकल और कोर्ट में बयान सोमवार को दर्ज कराया जा सकता है।

# जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 का पोस्टर लांच



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड का सर्वोच्च प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 को लेकर उम्मीद फाउंडेशन ने रविवार को पोस्टर लांच किया। आगामी 3 जनवरी 2024 को झारखंड का प्रतिष्ठित और सर्वोच्च जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर रविवार को मोहराबादी मैदान स्थित ट्राइका रेस्टोरेंट में पोस्टर का विमोचन किया गया। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, फिल्म निर्देशक नंदलाल नायक, किशोरी राणा, अंतू तिर्की, अश्विनी शर्मा, हेमलाल मेहता, जनक नायक, संगीता तिर्की, राम अवतार केरकेट्टा, गोपाल पांडे, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव आदि की उपस्थिति में पोस्टर का अनावरण किया गया। अतिथियों ने पुरस्कार समारोह की सराहना करते हुए कहा कि यह पुरस्कार राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान करेगा। साथ ही शून्य से शिखर तक का सफर तय कर गांव से निकल कर राज्य और देश का नाम रौशन करनेवाले खिलाड़ियों का उचित सम्मान है। पुरस्कार समारोह के माध्यम से राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों तक जयपाल सिंह मुंडा की जीवनगाथा को पहुंचाने का प्रयास है। संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस बार छह कैटेगरी में खेल के क्षेत्र में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोचों और खेल को प्रोत्साहित करने वाले संस्थानों को पुरस्कृत किया जायेगा। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है। उम्मीद फाउंडेशन के महासचिव निरंजन भारती ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की जीवन गाथा के बारे में राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। वहीं प्रदीप मिर्धा ने कहा कि खिलाड़ी अपने मेहनत संघर्ष से राज्य देश का नाम तो रौशन करते हैं किंतु उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाता है जो मिलना चाहिए। इस अवसर पर सोनू खलको, मुकेश, विशाल, सर्वेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# राज्यपाल को विभिन्न संस्थानों ने सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** हमारे देश को भारत किस नेता ने नहीं बनाया? भारत संतों और ऋषियों की भूमि है। आध्यात्मिकता हमारी जीवन और शक्ति है। राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि इसीलिए भारत विश्व गुरु बना और वह फिर से उस गद्दी पर बैठेंगे। आर्य समाज, ओड़िशा द्वारा आज राजभवन में आयोजित नागरिक भागीदारी कार्यक्रम के जवाब में राज्यपाल दास ने कहा कि हमारी सभ्यता और संस्कृति बहुत प्राचीन और समृद्ध है। भारत ने दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम के बारे में बताया है। संस्कृत भाषा



और संस्कृति हमारी पहचान के अनूठे पहलू हैं। इसके संरक्षण और प्रसार में भारतीय महक का प्रचार किया जा सकता है। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। देश की अपार क्षमता का सफल उपयोग। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की संभावना जल्द ही साकार होने वाली है।

आर्य समाज, ओड़िशा के अध्यक्ष आर्य कुमार ज्ञानेंद्र द्वारा लिखित पुस्तक 'अनुभूति संत महिमा' का विमोचन करते हुए राज्यपाल ने लेखक की बहुत सराहना की और प्रस्तुत संस्थानों को अपना सम्मान व्यक्त किया।

डॉ आर्य कुमार ज्ञानेंद्र ने स्वागत भाषण दिया जबकि डॉ हरे कृष्ण सतपथी, स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज, डॉ बद्रीनाथ पटनायक ने स्वागत भाषण दिया। शुरुआत में अनंत बलिया वेदपीठ के ब्रह्मचारियों ने वेदों का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीनिवास घटुआरी ने किया। राज्यपाल को विभिन्न संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया।

# सौगातः करमटोली से ओरमांझी सड़क पर खर्च होंगे 297 करोड़



**वाया बोड़ेया सड़क चौड़ीकरण का मसौदा तैयार**

**नये साल में काम शुरू होने की उम्मीद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के करमटोली चौक से बोड़ेया होते हुए ओरमांझी तक की सड़क अब चकाचक होगी। इसके मजबूतीकरण की योजना का मसौदा तैयार कर लिया गया है। इस पर फिलहाल सचिव स्तर पर मंथन चल रहा है। केंद्रीय निरूपण संगठन ने इस महत्वपूर्ण रोड के चौड़ीकरण-मजबूतीकरण और आरओबी निर्माण के लिए 297.73 करोड़ की योजना तैयार की है। इसका पीपीटी तैयार करके पथ निर्माण सचिव को दिखाया गया है। अधिकारियों के अनुसार अभी इस रोड के चौड़ीकरण और एक स्थान पर आरओबी निर्माण के लिए तेजी से मंथन हो रहा है।

करमटोली से बोड़ेया होते हुए ओरमांझी जाने के लिए इस रोड का काफी उपयोग किया जा रहा है, लेकिन सड़क चौड़ी नहीं होने की वजह से हर दिन मोरहाबादी मैदान के समीप जाम लग जाता है। कई माध्यमों से सरकार के समक्ष इस रोड के चौड़ीकरण की मांग उठने के बाद विभाग के स्तर पर योजना बनी, लेकिन सड़क के दोनों ओर बड़े पैमाने पर मकान-दुकान बने होने की वजह से चौड़ीकरण की योजना नहीं बन पायी। बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण और तोड़-फोड़ करना पड़ता है। ऐसे में यह योजना सालों से ठंढे बस्ते में है, हालांकि पथ निर्माण विभाग ने कंसलटेंट के जरिये योजना का डीपीआर तैयार कराया है, जिस पर अब विभाग के स्तर पर विचार विमर्श चल रहा है।

### जाम में नहीं फंसेंगे यात्री

वर्तमान में ओरमांझी एनएच 33 की ओर जाने के लिए बरियातू होकर वाहन जाते हैं या कांके रोड होते हुए रिंग रोड से जाते हैं। बड़ी संख्या में वाहन करमटोली चौक से बोड़ेया होते हुए ओरमांझी भी निकलते हैं, लेकिन मोरहाबादी से लेकर साइंस सिटी तक यह रोड काफी संकरा है। बड़ी संख्या में मकान-दुकान बने हुए हैं। इस वजह से यहां पर रोजाना जाम लग रहा है। इसी वजह से पथ निर्माण विभाग इस सड़क के चौड़ीकरण या फ्लाईओवर निर्माण पर भी विचार कर रहा है। हालांकि, चौड़ीकरण होने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। अधिकारी-इंजीनियर तैयार पीपीटी पर विचार कर रहे हैं। सरकारी स्तर पर मंजूरी के बाद इस सड़क का कार्य शुरू होगा। उम्मीद है कि नये साल में इस सड़क के चौड़ीकरण का काम आरंभ हो जाये।

# तीन दिवसीय कला सांस्कृतिक क्रिसमस मेला का आयोजन 15 से



**रांची (आजाद सिपाही)।** कला संस्कृति क्रिसमस मेला का तीन दिवसीय आयोजन निर्मला मध्य विद्यालय चर्च में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी प्रेस वार्ता में पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग और अनमोल टोप्पो ने कही उन्होंने कहा कि इसका उद्घाटन 15 दिसंबर को 3 बजे खिजरी विधायक राजेश कश्यप करेंगे। इस क्रिसमस मेला में कुल 65 स्टॉल लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हर दिन मेला 3 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। शनिवार और रविवार को यह 12 बजे दिन से रात्रि 8 बजे तक चलेगा। इसकी एंट्री फीस 20 रुपये रखी गयी है। उद्घाटन के दिन नृत्य प्रतियोगिता, रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस क्रिसमस मेला में रांची के 15 चर्च के फादर को आने का निमंत्रण दिया गया है। इस मौके पर कुलभूषण डुंगडुंग, अनमोल टोप्पो, पवन तिर्की, सामलोंग पल्ली पुरोहित आनंद लकड़ा, शीतल, सामंगल प्रकाश जायस, रितेश, संजीत लिंडा, सुमन मिंज, अजीत खलखो मौजूद थे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में धूमधाम से मनी पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 147वीं जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 147वीं जयंती के शुभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बागान (हरित भवन के सामने हरमू रोड, रांची) में रविवार को समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि किशोर मंत्री (अध्यक्ष, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स) ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की जयंती पर कहा कि ब्रह्मा बाबा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के संस्थापक थे। इससे संपूर्ण विश्व में आध्यात्मिक क्रांति आ रही है और नवसृष्टि की रचना हो रही है। आदित्य मल्होत्रा (उपाध्यक्ष, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स) ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि इस अंधकारमय विनाशकालीन परिस्थिति में स्वयं



परमात्मा ने ब्रह्मा बाबा को आदर्श युगपुरुष बनाया।

**आशा के हैं प्रकाशपुंजः** समाजसेवी विजय खोवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मानव उनके समान बनने का लक्ष्य जीवन में धारण करे तो सहज ही विश्व का अंधकार तथा स्वयं के जीवन का अंधकार समाप्त हो जाये। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ अरुण कुमार (वैज्ञानिक) ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने स्वर्णिम युग की स्थापना के लिए मातृशक्ति का जोरदार आह्वान किया।

**मानवाधिकार की रक्षा में दिया अपना श्रेष्ठ योगदानः** केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि विश्व इतिहास का एक उज्ज्वल पक्ष मानव दृष्टि से ओझल रहा। जब पिछली सदी के वर्ष 1937 में असाधारण व्यक्तित्व वाले प्रजापिता ब्रह्मा को विश्व पिता शिव ने माध्यम बनाकर स्वर्णिम युग का सूत्रपात किया। एक ऐसी बेहतर विश्वव्यवस्था की बुनियाद रखी, जहां समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा स्वास्थ्य व समद्धि होगी। इस विश्व में पांच विकारों के कारण नैतिकता का ह्रास हुआ है। राजयोग से स्थापित स्वर्णिम युग की योगज संताने दैवी गुणों से संपन्न होंगी। अतः पिताश्री ब्रह्मा द्वारा 'पवित्र बनो, राजयोगी बनो' का संकल्प विश्व के सामने रखा गया है।

**कार्यक्रम में ये भी थे मौजूद**

कार्यक्रम में समाजसेवी दिनेश मिश्रा, निशू राय, पंडित देव प्रसाद पांडेय, पंडित घनश्याम, शिव कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में गाइडेड मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया और कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। आपको बता दें कि ईश्वरीय विवि ब्रह्माकुमारी केंद्र चौधरी बागान, हरित भवन के सामने हरमू रोड, रांची में ज्ञान-योग सत्र प्रतिदिन चलता है।

# अमित अग्रवाल को आज पेश किया जायेगा सीबीआइ कोर्ट में

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल की आनेवाले समय में मुश्किलें और बढ़नेवाली है। जेल से निकलने की राह में सीबीआई की जांच अब बड़ा रोड़ा बन सकता है। सीबीआइ की दिल्ली शाखा ने अमित अग्रवाल के खिलाफ दर्ज केस की जांच तेज कर दी है। सीबीआइ ने आरोपी अमित अग्रवाल को दर्ज मुकदमें में प्रोडक्शन पर ले लिया है। इसके साथ ही सीबीआइ अमित अग्रवाल को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीबीआइ ने अदालत से अनुमति मिलने के बाद सात दिसंबर को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से अमित अग्रवाल को अपने साथ ले गयी थी। पुलिस रिमांड की अवधि 11 दिसंबर को पूरी हो रही है। अमित अग्रवाल को सीबीआइ सोमवार को अदालत में पेश करेगा। उम्मीद है कि सीबीआइ आगे और पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी रखेगी। पुलिस रिमांड के साथ ही सीबीआइ 11 महीने बाद जांच की रफ्तार बढ़ायी है। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने पिछले साल मामले में सीबीआइ जांच करने का आदेश दिया था। इसके बाद सीबीआइ ने 20 जनवरी 2023 को अमित अग्रवाल और उसके कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी। वर्तमान में अमित अग्रवाल जमीन फजीर्वाड़े कर उस राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में है। अमित अग्रवाल ईडी द्वारा दर्ज केस को रद्द करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी। साथ ही वकील राजीव कुमार पर जजों, आईएएस और जांच एजेंसी के अधिकारियों के साथ संबंध होने के अमित अग्रवाल के आरोपों की जांच सीबीआइ को करने का निर्देश दिया था। इसी के बाद सीबीआई ने मामले में अमित अग्रवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी। बता दें कि अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार पर पीआइएल मैनेज करने के लिए एक करोड़ रुपए में डील करने का आरोप लगाते हुए कोलकाता पुलिस से शिकायत की थी। इस शिकायत पर कोलकाता पुलिस ने 31 जुलाई 2022 को राजीव कुमार को 50 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया था। पीआईएल मैनेज करने के लिए राजीव कुमार ने 10 करोड़ मांगे थे। एक करोड़ में डील हुई थी। बाद में इस केस को ईडी ने टेकओवर किया और अमित अग्रवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसी केस को रद्द कराने अमित अग्रवाल हाईकोर्ट पहुंचा था।

# रेल एफसी कोलकाता बना चैंपियन, रोमांचक मुकाबले में जोरार को हराया

## कोलकाता के प्रशांत दास बने गोल्डेन बूट, नवागढ़ स्कूल के प्रिंसिपल हरेकृष्ण चौधरी को मिला महेंद्र महतो अवार्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** रेल एफसी कोलकाता की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुर्नामेंट की चैंपियन बनी। टुर्नामेंट का आयोजन राजेंद्र यूनाइटेड ने किया। रविवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने शहीद बिरसा क्लब जोरार को पेनाल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया। 27वें मिनट में मिले पेनाल्टी से जोरार के प्रेम मुरमू ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक जोरार 1-0 गोल से आगे रही। कोलकाता को इंजुरी टाइम में एक पेनाल्टी मिला जिसे राजीव सेठ ने गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। पेनाल्टी शूटआउट में कोलकाता ने बाजी मार दी। इससे पूर्व फाइनल मैच का उदघाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने किया।





**अगले साल 25 लाख की इनाम राशि : जैलेंद्र कुमार**

**पिछले 23 सालों से राजेंद्र यूनाइटेड टुर्नामेंट का आयोजन करा रही है। आयोजन समिति के महाप्रबंधक सागर साहू और सीइओ जैलेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में कुल 25 लाख रुपये की इनामी राशि का टुर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। इसमें चैंपियन टीम को दस लाख, उपविजेता को छह लाख, सेमीफाइनल खेलनेवाली टीमों को दो-दो लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। साथ ही प्रत्येक मैच के विजेता को 25-25 हजार प्रदान की जायेगी।**

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अभिषेक वस्त्रालय गोंदलीपोखर के संस्थापक सागर साहू थे। अध्यक्षता राजेंद्र यूनाइटेड के अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा व संचालन सचिव राजेंद्र व शिवदास ने की। फाइनल मैच को देखने काफी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। पुरस्कार वितरण कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, सीइओ जैलेंद्र कुमार, व्यवसायी मोहसीन खान, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, अनगड़ा थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, दक्षिण पूर्व रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य प्रवीण झा, मदन, रौशनलाल मुंडा, जगरनाथ, शिवटहल, रामसाय ने प्रदान की। आयोजन को सफल बनाने में उपमुखिया शंकर बैठा सहित अन्य का उल्लेखनीय योगदान रहा।

**नवागढ़ मीडिल स्कूल के प्रिंसिपल सम्मानितः** मौके पर राजेंद्र यूनाइटेड के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए नवागढ़ मीडिल स्कूल के प्रिंसिपल हरेकृष्ण चौधरी उर्फ महेंद्र महतो अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतिवर्ष सामाजिक, आर्थिक, खेल व सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले को राजेंद्र यूनाइटेड सम्मानित करती है। अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा ने उन्हें शाल पहनाकर व मामेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि हरेकृष्ण चौधरी ने सरकारी स्कूलों रेशम और बनादाग में अपने सकारात्मक सोच के साथ एक आदर्श स्कूल बनाया है। कई बार राज्य व केंद्र की सरकार इन्हें सम्मानित कर चुकी है। श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण के कारण आसपास के बच्चों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ा है।

**विजेता टीम को डेढ़ लाख नकद**

विजेता टीम को डेढ़ लाख नकद, ट्राफी, उपविजेता टीम को एक लाख नकद, ट्राफी व दोनों टीमों के खिलाड़ियों को एक-एक ट्रैकशूट पुरस्कार स्वरूप दिया गया। गोल्डेन बूट रहे कोलकाता के प्रशांत दास को 43 ईंच का स्मार्ट टीवी अभिषेक वस्त्रालस गोंदलीपोखर की तरफ से दिया गया। मैन आफ दी मैच का पुरस्कार जोरार के गोलची सन्नी हेंब्रम को एक स्मार्ट वाच प्रदान किया गया।

# मानव तस्करी के 49 फीसदी मामलों में ही पुलिस की चार्जशीट

**रांची (आजाद सिपाही)।** मानव तस्करी के 49 फीसदी मामले में ही झारखंड पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। एनसीआरबी के आंकड़े के मुताबिक, झारखंड में साल 2022 में मानव तस्करी के 100 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें झारखंड पुलिस ने सिर्फ 49 मामलों में ही चार्जशीट दाखिल की। इसके अलावा 27 मामलों में फाइनल रिपोर्ट पेश की गयी। झारखंड में साल 2021 की तुलना में साल 2022 में मानव तस्करी के मामले में बढ़ोत्तरी हुई है। साल 2021 में जहां 92 मामले दर्ज हुए थे, जबकि साल 2022 में मानव तस्करी के 100 मामले दर्ज हुए। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि मानव तस्करी का जाल आखिर कैसे टूटेगा।

# युवाओं में बढ़ता नशे का प्रचलन

युवा पीढ़ी में नशे के बढ़ते प्रचलन पर रोकथाम लगाना अति आवश्यक हो गया है। वरना वह दिन दूर नहीं जब नशे की लत से युवा पीढ़ी छोटी उम्र में ही मौत को दस्तक देने लगेगी। कई सरकारें इस मामले में काफी कठोर व कारगर कदम उठाने का प्रयास करती नजर आ रही हैं, परंतु उसके बावजूद नशे का प्रचलन धड़ल्ले से बढ़ रहा है। क्या पुलिस के लिए नशा तस्करों तक पहुंचना कोई मुश्किल काम है। इस नशा तस्करी के प्रति सरकारें आंखें मूंदें बैठी हैं। राजनेताओं व अफसरशाही में भी कुछ ऐसे लोग हैं, जिनकी वजह से नशा तस्करी को रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है। नशा तस्करी की आड़ में कई अधिकारी मालामाल हो चुके हैं। नशे के बढ़ते प्रचलन का एक मुख्य कारण बेरोजगारी भी है। अब नशा स्कूलों, कालेजों से लेकर विश्वविद्यालयों तक अपने पांव पसार चुका है। पंजाब में कई राजनीतिक दल प्रतिद्वंद्वी राजनेताओं पर नशे का कारोबार करने का आरोप लगाते रहे हैं। जिस कारण कई बड़े नेताओं को जेल की हवा तक खानी पड़ी। क्या यह प्रतिद्वंद्विता के कारण किया जाता है या फिर जब ये नेता कथित तौर पर नशे का कारोबार करते हैं, तो पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है, जिससे नशे का धंधा फलता-फूलता रहता है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश जारी किये हैं। इस दौरान कई क्षेत्रों से बड़े-बड़े नशा तस्कर पकड़े गये। इस सबके बावजूद स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नशे की सप्लाई पुलिस की कारगुजारी पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। नशे को रोकने के लिए काफी सख्त कानून बनाये गये हैं। अदालतों में भी काफी मामले लंबित पड़े हैं। इसके बावजूद न तो नशेड़ी ही कम हुए और न ही नशा तस्करी खत्म हुई। हमारे देश में जल्दबाजी में कानून तो बना दिये जाते हैं, मगर कानून बनाने से पहले हम कभी चर्चा नहीं करते कि नशे को रोकने के लिए क्या-क्या उपाय सार्थक हो सकते हैं। अगर सरकार में ईमानदार राजनेता एवं नौकरशाह हो तो ऐसे धंधे कुछ दिनों में चौपट हो सकते हैं, परंतु राजनेताओं को चुनाव में धन की जरूरत होती है एवं उनकी तिजोरी ऐसे लोग ही भरते हैं। कई सरकारी अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी को सही ढंग से नहीं निभाते। दूसरी ओर देश में शराब के ठेकों की अरबों रुपये में नीलामियां सरकार की आमदन का साधन बनी हुई हैं। क्या शराब नशा नहीं है? इसके पीने पर प्रतिबंध क्यों नहीं लग सकता। बिहार में इस प्रकार का प्रयास किया गया, परंतु उसके विपरीत परिणाम निकले। अगर सरकारें रोजगार की ओर ध्यान केंद्रित करें, तो समाज में नशे की बढ़ती लत को विराम लगाने में काफी सहयोग मिल सकता है।

**अगर सरकार में ईमानदार राजनेता एवं नौकरशाह हो तो ऐसे धंधे कुछ दिनों में चौपट हो सकते हैं, परंतु राजनेताओं को चुनाव में धन की जरूरत होती है एवं उनकी तिजोरी ऐसे लोग ही भरते हैं।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

2024 के लोकसभा चुनावों के अंदर यदि भाजपा को सत्ता से उतार कर गैर-भाजपा हुकूमत कायम करनी है, तो सभी भाजपा विरोधी दलों को संघ परिवार के इस विशाल ढांचे का मुकाबला करने के साथ-साथ कार्पोरेट जगत की ओर से भाजपा को दिये गये अपार धन, बाहुबल, गोदी मीडिया का मुकाबला भी करना होगा। इन चुनावों को जीतने के लिए तेज-तर्रार चुनाव प्रचार, झूठे वायदे विरोधी दलों के खिलाफ निचले स्तर की आलोचना और इडी, सीबआइ, इंकम टैक्स विभाग जैसी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया है।

# सामाजिक बदलाव को प्रतिबद्ध दल आत्ममंथन करें

**मंगत राम पासला**

5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों के बारे में सभी गैर-भाजपा राजनीतिक दलों विशेष कर मेहनतकश लोगों के हितों का दम भरने वाली, सामाजिक बदलाव के लिए प्रतिबद्ध राजनीतिक पार्टियों को गहराई से आत्ममंथन करने की जरूरत है। संघ परिवार विशेषकर भाजपा नेता काफी खुश दिखायी दे रहे हैं, क्योंकि उनकी झोली मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ की जीत से भर गयी है।

कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश में 40.4 प्रतिशत, राजस्थान में 39.53 प्रतिशत तथा छत्तीसगढ़ में 42.93 प्रतिशत वोटें हासिल कर तीनों प्रांतों के अंदर अपने जनाधार को कायम रखने के लिए काफी हद तक सफल रही है। तेलंगाना में केसीआर की पार्टी डीआरएस को हरा कर कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीत गयी। इन चुनावों ने एक बार फिर से यह सिद्ध कर दिया है कि आरएसएस ने 1925 में अपनी स्थापना के बाद से पिछले साढ़े 9 वर्षों के दौरान मोदी के शासन के समय में जमीनी स्तर पर अपने संकीर्ण विचारों से लैस होकर बहुत बड़ा और ठोस आधार कायम कर रखा है।

**राजनीतिक पार्टियों पर आधारित गठबंधन 'इंडिया' की बैठक विधानसभा चुनावों के उपरांत 17 दिसंबर को रखी गयी है।**

2024 के लोकसभा चुनावों के अंदर यदि भाजपा को सत्ता से उतार कर गैर-भाजपा हुकूमत कायम करनी है, तो सभी भाजपा विरोधी दलों को संघ परिवार के इस विशाल ढांचे का मुकाबला करने के साथ-साथ कार्पोरेट जगत की ओर से भाजपा को दिये गये अपार धन, बाहुबल, गोदी मीडिया का मुकाबला भी करना होगा। इन चुनावों को जीतने के लिए तेज-तर्रार चुनाव प्रचार, झूठे वायदे विरोधी दलों के खिलाफ निचले स्तर की आलोचना और इडी, सीबआइ, इंकम टैक्स विभाग जैसी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया है।



**धार्मिक अल्पसंख्यकों, दलितों और पीड़ित महिलाओं के लिए एक ऐसा धर्म आधारित साम्प्रदायिक फासीवादी राजनीतिक ढांचा एक ऐसे सपने जैसा होगा, जहां पर सत्ता के खिलाफ बोलने, लिखने तथा विचार प्रकट करने की आजादी का गला दबाया जाना तय है। ऐसे प्रबंधन में क्या हमारा वर्तमान संविधान, संसदीय प्रणाली, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका की स्वतंत्रता कायम रह सकेगी?**

भारतीय लोगों की आर्थिक तथा मनोवैज्ञानिक दशा का अंदाजा इन तथ्यों से लगाया जा सकता है कि महंगाई, बेरोजगारी, कुपोषण तथा बिना अस्तित्व की सामाजिक सुरक्षा होने के बावजूद 80 करोड़ लोगों के लिए प्रति माह 5 किलो आटा-दाल स्कीम तथा अन्य आर्थिक प्रलोभन भाजपा की जीत के लिए बड़े कारण सिद्ध हुए हैं।

भाजपा की विरोधी राजनीतिक पार्टियों पर आधारित गठबंधन 'इंडिया' की बैठक विधानसभा चुनावों के उपरांत 17 दिसंबर को, जो रखी गयी है, क्या यह चुनावों से पहले आयोजित नहीं की जा सकती थी? क्या कांग्रेस या गठबंधन के दूसरे दलों के नेता 'इंडिया' के फैसलों के अनुसार गठित की गयी विभिन्न कमेटियों की बैठक बुला कर चुनावों संबंधी कोई सार्थक फैसले नहीं ले सकते थे। यदि गठबंधन के रूप में इन विधानसभा चुनावों के अंदर सीटों का आबंटन बेशक न किया जाता, परंतु गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों का नेतृत्व चुनाव प्रचार के लिए एकजुट होकर मैदान में उतरता, तो आम वोटरों पर क्या इसका लाजिमी तौर पर अच्छा प्रभाव न पड़ता? क्या गैर-भाजपा राजनीतिक नेताओं की संयुक्त मुहिम भाजपा का राजनीतिक मुकाबला करने में सफल न होती? क्या बड़ा दल होने के नाते इन सबके लिए कांग्रेस पार्टी का अहंकार दोषी है या फिर अनजाने में यह की गयी कोई भारी भूल है? 'इंडिया' में शामिल दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस पक्ष से अपनी बनती जिम्मेदारी नहीं निभायी।

कांग्रेस तथा अन्य प्रादेशिक पार्टियों के नेताओं की ओर से की गयी गैर-जरूरी बयानबाजी ने गठबंधन में आपसी विश्वास को ठेस नहीं पहुंचाई? इस तरह से नेताओं के मनों के अंदर एक-दूसरे के प्रति सत्कार भी कम हुआ है। प्रत्येक वह दल और व्यक्ति जो 2024 के लोकसभा चुनावों के अंदर भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की सोचता है, उससे उपरोक्त मुद्दों के बारे में क्या कोई विचार-विमर्श या मंथन की आस लगायी जा सकती है? आने वाले लोकसभा चुनावों में गैर-भाजपा राजनीतिक नेताओं के भविष्य के साथ-साथ बहुत कुछ दाव पर लगा हुआ है। यदि किसी कारण तीसरी बार भाजपा सत्ता में वापसी करने में सफल रहती है, तो धर्म आधारित ऐसा गैर-लोकतांत्रिक राजनीतिक ढांचे का निर्माण किया जायेगा, जिसकी शुरुआत मोदी के कार्यकाल से पहले ही शुरू की जा चुकी है।

धार्मिक अल्पसंख्यकों, दलितों और पीड़ित महिलाओं के लिए एक ऐसा धर्म आधारित साम्प्रदायिक फासीवादी राजनीतिक ढांचा एक ऐसे सपने जैसा होगा, जहां पर सत्ता के खिलाफ बोलने, लिखने तथा विचार प्रकट करने की आजादी का गला दबाया जाना तय है। ऐसे प्रबंधन में क्या हमारा वर्तमान संविधान, संसदीय प्रणाली, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका की स्वतंत्रता कायम रह सकेगी? संघ देश के भीतर मनोवादी सामाजिक ढांचा लागू करके जात-पात की व्यवस्था को किसी न किसी ढंग में और गहरा करना चाहता है। आरएसएस की विचारधारा का प्रचार, प्रसार और संगठन का विस्तार किया जा रहा है।

सभी कम्युनिस्टों तथा दलित समाज के नेताओं को श्रमिक वर्ग को दरपेश समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए मिल-बैठ कर आपसी विचार-विमर्श से पुरानी गलतियों और गलतफहमियों को दूर करके आपसी एकता के लिए पहलकदमी की जानी चाहिए। समानता वाले समाज की स्थापना के लिए संयुक्त संघर्ष की रूप-रेखा तैयार करनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर तथा शहीद-ए-आजम भगत सिंह की विचारधारा हमारी संयुक्त विरासत है। बाबा नानक तथा भक्ति लहर के समस्त महापुरुष हम सबके सांझे हैं। समाज विरोधी तत्व इतिहास और ज्ञान के स्त्रोतों का दुरुपयोग कर हमें लूट रहे हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

### एक्सएलआरआइ के प्लेटिनम जुबली समारोह में शरीक हुए उपराष्ट्रपति

# जमशेदपुर नवाचार और उद्यम का है प्रतीक : धनखड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को झारखंड पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद झारखंड के पहले दौरे पर उन्होंने जमशेदपुर के जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआइ) के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जमशेदपुर नवाचार और उद्यम को परिभाषित करता है। यह संस्थान उसी का प्रतीक है। भारत आज तेज गति से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है और यह बढ़त अजेय है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं। हमने यूके को पीछे छोड़ा है और अब जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ने वाले हैं। विश्व बैंक के अध्यक्ष के बयान का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने डिजिटल क्षेत्र में पिछले एक दशक में जो करिश्मा किया है, वह 47 वर्षों में भी संभव नहीं था। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, संस्थान के अध्यक्ष टीवी नरेंद्रन, संस्थान के निदेशक फादर एस जॉर्ज, फॉदर डोनाल्ड डिसिल्वा, सुनील कुमार गुप्ता, आमंत्रित अतिथिगण, संस्थान के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# रजक समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मानित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फॉउंडेशन के सहयोग से सोनारी आदिवासी कल्चर सेंटर में रजक समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अजय रजक के कुशल नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को सम्मान समारोह में मुख्य अथिति समाज के कार्यपालक अभियंता राजेश रजक, विशिष्ट अतिथि टाटा स्टील फॉउंडेशन के अभिषेक मुखी व सम्मानित अथितियों में समाज के बिभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी,समाज सेवी,महिला समिति के पदाधिकारी शामिल रहे।इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा वर्ष 2023 में मैट्रिक,इंटर, स्नातक व अन्य प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, ताकि उसका मनोबल और ऊंचा हो सके।

इस अवसर पर रजक समाज के लगभग 400 छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया।मौके पर सभी वक्ताओं ने छात्रों व उनके अभिभावकों से शिक्षा पर जोर देने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री अशोक चौधरी, रामलाल रजक, शिव रजक, गोपाल प्रसाद, बिमल रजक, धनंजय लाल, राजेश रजक, नरेश रजक और महेश रजक सहित अन्य का योगदान रहा।

# मनोहरपुर के तरतरा पहुंचा शहीद जवान रामदेव महतो का शव, फफक-फफक कर रो पड़ा गांव

**माता-पिता को नया घर देने का सपना रह गया अधूरा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पश्चिम सिंहभूम।** जिले के मनोहरपुर के तरतरा गांव में जैसे ही वीर शहीद पुलिस जवान रामदेव महतो का पार्थिव शरीर पहुंचा, पूरा गांव फफक-फफक कर रोने लगा। रामदेव के माता-पिता, उनकी पत्नी सहित पूरे परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल था। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था कि रामदेव महतो अब इस दुनिया में नहीं रहा। गांव में पूरी तरह मातम पसरा हुआ था।

वीर शहीद जवान के शव के मनोहरपुर बाजार पहुंचते ही श्रद्धांजलि देने और उनका अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धांजलि देने के बाद तरतरा गांव तक लोगों ने वीर शहीद जवान के सम्मान में बड़ी संख्या में लोग वाहन में सवार होकर शवयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने जम कर रामदेव महतो अमर रहे के नारे भी लगाये।

शव के तरतरा गांव पहुंचते ही पूरा गांव गमगीन नजर आया। शहीद के माता पिता अपने बेटे को तिरंगे में लिपटा देख रो रहे थे। हालांकि उन्हें फख्र था कि बेटे ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए कर्तव्य पथ पर अपना बलिदान दिया है। पत्नी बेहद नम आंखों से अपने शहीद पति के शरीर से लिपटी नजर आयी। इस मौके पर मंत्री जोबा माझी, पूर्व विधायक गुरुचरण नायक, डीएसपी, बीडीओ समेत अन्य अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, राजनेता और अन्य लोगों ने मौके पर पहुंच कर शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

मालूम हो कि जमशेदपुर में शुक्रवार को चार बदमाशों का सामना करते हुए झारखंड पुलिस जवान मनोहरपुर निवासी रामदेव महतो गोली लगने से शहीद हो गये थे। रामदेव महतो ने 27 अप्रैल वर्ष 2012 को झारखंड पुलिस में योगदान दिया था। उनके पिता ने बताया कि रामदेव महतो काफी मेहनती था। उसने झारखंड पुलिस की नौकरी भी अपनी काबिलियत और मेहनत से प्राप्त की थी। सरकारी नौकरी पाने के लिए वह निजी कंपनियों में मेहनत मजदूरी करता था। जब नौकरी लगी, तो उसने अपनी दो बहनों की शादी करवायी। इसके बाद गांव की झोपड़ी की जगह पक्के मकान का भी निर्माण कार्य शुरू किया, जो अब अधूरा रह गया है।

रामदेव महतो इकलौता बेटा था, जो घर के भरण पोषण की जिम्मेदारी उठाता था। ऐसे कर्तव्यनिष्ठ बेटे के जाने से माता-पिता को गहरा आघात पहुंचा है। यह एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता।

# विधायक मंगल कालिंदी ने शिव मंदिर के लिए किया भूमिपूजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा के सलगाझरी पंजिकृत श्मशान घाट काली मंदिर प्रांगण में श्मशान घाट मंदिर कमिटी के अध्यक्ष प्रदीप गुहा के नेतृत्व में नव शिव मंदिर के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया गया। रविवार को जुगसलाई विधायक सह झारखंड विधानसभा के संचेतक मंगल कालिंदी के कर कमलों द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, जिला परिषद सदस्य श्रीमती कविता परमार,परितोष सिंह, महाबीर मुर्मू,पल्टन मुर्मू, झामुमो नगर अध्यक्ष दल गोविंद लोहार, मुखिया सरस्वती टुडू, कालिदास टुडू, रामानुज शर्मा, नरेंद्र कुमार, खुद्दु उरांव एवं कई ग्राम प्रधान एवं मांझी परगाना,जेम्को गुरुद्वारा प्रधान, शिव चर्चा महिला समूह के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भजन व शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। विधायक के द्वारा महिला शिव चर्चा समूहों के साथ बीच शिव चर्चा के दौरान ढोल व झाल सौपा गया। मौके पर भरत सिंह यादव अपनी माता जी की स्मृति में 20.15 फीट का पक्का विश्राम गृह बनवाने की घोषणा की। इस अवसर जितेंद्र सिंह, मिथुन चक्रवर्ती,के पी मुंडा, दीपक सांडिल, भरत सिंह यादव, आलोक भास्कर, रमेश सिंह, बेला मुंडा, रमाकांत करुवा, सिद्धू बेसरा, बबलू महतो, जीत राय गागराई, कमलेश श्रीवास्तव, दीपू शर्मा, सुमित शर्मा, पहाड़ सिंह, भगवान सिंह राकेश चक्रवर्ती, बबलू श्रीवास्तव राजु बेसरा आदि उपस्थित रहे।

# झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी हैं: विष्णु दयाल राम

**धीरज साहू के ठिकानों से बरामद रुपयों के आक्रोश में भाजपा ने विरोध मार्च निकाला**

**मंत्री, विधायक, मुख्यमंत्री झारखंड को खुलेआम लुटने में लगे हुए हैं: भानु**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में कांग्रेस सांसद धीरज साहु के घर से लगभग 500 करोड़ अवैध पैसा पकड़ाने को लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ नेताओं कार्यकर्ताओं ने काली मंदिर चिनियां मोड़ से रंका मोड़ होते हुए मझीआंव मोड़ तक विरोध मार्च निकाला। कार्यक्रम के दौरान मझीआंव मोड़ पर सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भवनाथपुर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक मुख्यमंत्री झारखंड को खुलेआम लुटने में लगे हुए हैं जनता त्राहि-त्राहि कर रही है उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेसी सांसद धीरज साहु का पैसा पकड़ा गया तो इससे मंत्री मिथलेश ठाकुर को दर्द ज्यादा हो रहा है। इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस झामुमो मिलकर भ्रष्टाचार का इतिहास लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आखिर इतना पैसा कोई अपने घर में कैसे रख सकता है। निश्चित रूप से झामुमो मुख्यमंत्री मंत्री का पैसा भी अवश्य होगा। इसलिए झामुमो नेताओं को दर्द ज्यादा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो ने मिलकर झारखंड को शर्मशार कर दिया है। लेकिन झारखंड की जनता ऐसे निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में सांसद वीडी राम ने कहा कि झामुमो कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है मंत्री की छटपटाहट से स्पष्ट हो रहा है कि झामुमो का पैसा भी ब्लैक एंड व्हाइट के लिए कांग्रेस सांसद के पास पहुंच रहा था। उन्होने कहा कि झामुमो कांग्रेस मिलकर झारखंड को खोखला कर रहे हैं । जो पैसा पकड़ाया है वह झामुमो कांग्रेस का भ्रष्टाचार जगजाहिर है। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि ऐसे नेता कलाधान बटोर कर देश को खोखला कर रहे है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान, रघुराज पांडेय, बिनय चौबे, सुरज गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी, मुरली श्याम सोनी, विवेकानंद तिवारी, रामाशीष तिवारी, बृजेंद्र पाठक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला महामंत्री विकास तिवारी, अविनाश, उमेश, पुष्प रंजन, राकेश, यशवंत सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: सांसद और विधायक ने बतायी केंद्र सरकार की योजना

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सांसद व विधायक रविवार को प्रखंड के गेरुआ पंचायत भवन पहुंचे। जहां लोगों ने सांसद व विधायक का जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल थे। उस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देना तथा उसका लाभ पहुंचाना यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह संकल्प यात्रा निकाला गया है। जब लोग जागरूक होंगे तो केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुक तक पहुंच सकेगा। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया। विधायक भानु प्रताप शाही ने लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। मौके पर पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडे, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, मुखिया अनिल चौधरी, बीडीओ जागो महतो, बीपीओ फिरोज अंसारी, मंडल सांसद प्रतिनिधि चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो सहित काफी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल थे। इस दौरान वाहन पर लगे बड़े एलईडी से भी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

# असहाय दर्जनों महिला-पुरुष के बीच किया कंबल वितरण



कंचनपुर में कंबल वितरण करते जिपस राहुल तिवारी और उपस्थित गरीब जनता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत में बढ़ती हुई ठंड से राहत दिलाने के लिए पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी और उप मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी के द्वारा पंचायत के गरीब बुजुर्ग असहाय दर्जनों महिला पुरुष के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी मुख्य पथ के मकरी बांध के पास रविवार को बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से झगरा खांड पावर ग्रिड कर्मी प्रदीप गिरी यूपी देवरिया निवासी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में राहगीरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र में भर्ती कराया गया। आयुष चिकित्सक इंद्र किशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर किया गया। इस घटना में घायल प्रदीप गिरी के माथे व एक पैर बुरी तरह टूट चुका है। घटना के बारे में घायल प्रदीप गिरी ने बताया कि झगराखांड से भवनाथपुर अपने बाइक से आ रहा था कि मकरी बांध के पास तेज गति से आ रही बाइक को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। खरौंधी मुख्य पथ के मकरी बांध के पास रविवार को बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से झगरा खांड पावर ग्रिड कर्मी प्रदीप गिरी यूपी देवरिया निवासी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में राहगीरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र में भर्ती कराया गया। आयुष चिकित्सक इंद्र किशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर किया गया। इस घटना में घायल प्रदीप गिरी के माथे व एक पैर बुरी तरह टूट चुका है। घटना के बारे में घायल प्रदीप गिरी ने बताया कि झगराखांड से भवनाथपुर अपने बाइक से आ रहा था कि मकरी बांध के पास तेज गति से आ रही बाइक को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी।

# चोर मचाये शोर वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं विधायक भानु प्रताप: झामुमो

**भाजपा है गंगाजल, उसमें जाते ही सभी भ्रष्टाचारी हो जाते हैं पाक साफ : तनवीर**

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रेस कांफ्रेंस करते जिला अध्यक्ष तनवीर आलम और अन्य।

**गढ़वा।** झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा है कि भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही चोर मचाएं शोर, वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। भानु खुद 130 करोड़ के दवा घोटाला के आरोपी हैं और आज शोर मचा रहे हैं। 18 भानु की संपत्ति अटैच की है उसे लगता है कि वे भूल गये। झामुमो जिला अध्यक्ष ने रविवार को होटल पद्मावती में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। तनवीर आलम ने कहा कि ईडी ने दवा घोटाला मामले में विधायक भानु की संपत्ति अटैच की है। उन पर मुकदमा चल रहा है। ईडी के सामने उन्होंने कहा था कि वे साल में 40 लख रुपये का धान बेचते हैं। भाजपा के जितने भी नेता हैं उनके यहां ईडी छापामारी नहीं करती है। जबकि जो व्यक्ति 40 साल से कारोबारी है उसके घर में ही ईडी की छापामारी होती है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा गंगाजल है। जितने भी बड़े से बड़े भ्रष्टाचारी हैं वे सब भाजपा में शामिल होने के बाद बिल्कुल पाक साफ हो जाते हैं। उनके सारे आरोप समाप्त हो जाते हैं। उनकी सारी काली कमाई सफेद हो जाती है। भाजपा के किसी भी नेता के घर में कभी ईडी, सीबीआई की छापामारी नहीं होती है। केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को अपना हथियार के रूप में गलत इस्तेमाल कर रही है। यह कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ईडी यदि ईमानदारी पूर्वक काम कर रही है तो ढुल्लू महतो, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता के घर भी छापामारी करे। तब पता चलेगा कि उनके घर से कितना कैश बराबर होता है।

विधायक भानु वैसे शख्स हैं जिन्होंने स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए राज्य के गरीबों के जीवन से खिलवाड़ किया है। उन्होंने गरीबों का जीवन रक्षक दावा में ही 130 करोड़ का घोटाला कर दिया। राज्य के गरीबों का जीवन बचे या न बचे लेकिन उनके जीवन बचाने वाले दवा से भानु मालामाल हो गये। आज इन्हें अपने किए घोटाले पर तनिक भी शर्मिंदगी महसूस नहीं हो रही है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, बंसीधर अनुमंडल अध्यक्ष आलमगीर आलम पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

# थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खरौंधी।** थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने रविवार को मध्य विद्यालय अमरोरा के पास लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया, उन्होंने कहा की सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके प्रत्येक व्यक्ति खुद के साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकता है, आज लोग सड़क पर चलते समय सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं करते हैं। , जिससे सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके इससे बचा जा सकता है। इसलिए सभी लोग सड़क सुरक्षा नियम का पालन करेंगे। साथ ही अपने करीबी और आस पास के लोगों को इस बारे में बताएं। थाना प्रभारी ने कहा की हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है। करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते है। हर साल लगभग अस्सी हजार लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते हैं। अधिकांश दुर्घटनाओं में वाहन चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट और दो पहिया चलाते समय हेलमेट निश्चित रूप से पहने। फुटपाथों पर संभल कर चले, तथा जेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क को पार करें। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। किसी भी कीमत पर शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं।

मौके पर जितनी भी दो पहिया और चार पहिया वाहन गुजरी, सभी को रोककर सीटबेल्ट और हेलमेट लगवाया। आगे से नियम पालन करने की चेतावनी दी। मौके पर मंझीगांवा पंचायत के उप मुखिया प्रतीक कुमार द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, अंजनी कुमार द्विवेदी, इंदेश चंद्रवंशी, लल्लू राम, दीपक कुमार द्विवेदी, सोनू गोस्वामी, गोरख विश्वकर्मा, पंकज दुबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जंगल में फंदे से झूलता हुआ मिला वृद्ध का शव

**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** चिनिया थाना क्षेत्र के चिनिया निवासी लगभग 50 वर्षीय मोगल सिंह ने फटहवा जंगल मे फांसी लगाकर जान दे दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार सुबह कुछ स्थानीय लोगों ने जंगल में एक शव को एक पेड़ पर फंदे से झूलता हुआ देखा, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दिया पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। उधर घटना की तहकीकात में पुलिस जुट गयी है।

## सड़क दुर्घटना में मेराल के युवक की बिहार में मौत

**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** दिल्ली-कोलकाता हाईवे पर डंकुनी गांव के पास ट्रक और कंटेनर के टक्कर में ट्रक चालक लातदाग गांव निवासी सौगंध पासवान की मौत हो गयी। घटना बाद शव रविवार को गढ़वा पोस्टमार्टम हाउस पोस्टम्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार सुबह तीन बजे सौगंध पासवान अपनी सहयोगी मनीष प्रसाद के साथ कोलकाता से दिल्ली जा रहा था। इस दौरान डंकुनी मे कन्टेनर से टक्कर हो गयी। जिसमें सौगंध घायल हो गया खलासी मनीष ने बताया कि घटना के बाद घायल अवस्था में सौगंध को पूर्व वर्धमान अस्पताल में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने घर ले जाने की बात कही उसके बाद सौगंध को गढ़वा लेकर आ रहे थे। इस दौरान विहार के बराचटी में उसका स्थिति बिगड़ गया उसके बाद वही अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## किसान गोष्ठी का आयोजन किया




**रंका प्रखंड के कंचनपुर पंचायत भवन में किसान गोष्ठी को संबोधित करते बीटीएम त्रिभुवन सिंह और उपस्थित किसान**

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के कंचनपुर पंचायत सचिवालय भवन में आत्मा गढ़वा के सौजन्य से आत्मा सहाय्य अनुदान योजना अंतर्गत रविवार को रबी प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए रंका प्रखंड तकनीकी प्रबंधक त्रिभुवन सिंह ने कहा कि अगहनी फसल कटाई के बाद रबी फसल की तैयारी भी किसान भाई करने लगे हैं। आत्मा कृषि विभाग की ओर से रबी फसल के लिए किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने का काम जारी है। साथ ही बीज वितरण और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ भी दिया जाता है। किसान भाई रबी फसल की तैयारी में लग जाएं और लाभ उठावें। इस अवसर पर किसान एग्री क्लिनिक के प्रखंड समन्वयक कुणाल कुमार सिंह, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, बीडीसी शंकर राम, रोजगार सेवक शशि सोनी, किसान मित्र शैलेंद्र तिवारी, धर्मेन्द्र यादव उर्फ बाबू, रामचंद्र राम (रंका), राजेश प्रजापति, महेंद्र सहित काफी संख्या में किसान भाई बहन उपस्थित थे।

## गढ़वा में जरासंध महोत्सव सह चंद्रवंशी मिलन समारोह का आयोजन

# सीएनटी एक्ट चंद्रवंशी समाज के लिए अभिशाप बन हुआ है: अशोक आजाद

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** चंद्रवंशी युवा सेना के तत्वाधान में जरासंध महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन गोविंद हाई स्कूल के मैदान में रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अशोक आजाद चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि भीम सिंह चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, रामबली चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी , प्रणव कुमार चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, सुमित्रा देवी एवं राष्ट्रीय चंद्रवंशी युवा सेना के अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक आजाद चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को एकजुट और शिक्षित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होंगे तब तक विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले दो सीट चुनाव लड़ते थे लेकिन अब पांच सीट पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज राज किये हैं और हमारे समाज के लोग कष्ट करेंगे । सभी चंद्रवंशी समाज के लोग एक साथ एवं जागरूक हो चुके हैं। उन्होंने कहा सीएनटी एक्ट चंद्रवंशी समाज के लिए अभिशाप बन हुआ है। इसे हटवाकर रहेंगे। इसके कारण चंद्रवंशी समाज पिछड़ रहा है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा ही नहीं पूरे झारखंड प्रदेश में चंद्रवंशी समाज ने यह साबित कर दिया है कि हम एक साथ हैं। और अपने अधिकार के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षा को बढ़ावा देना है। ज्ञान के बिना विकास नहीं हो सकता। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रवंशी समाज का अतीत गौरवशाली रहा है। जरासंध मगध के राजा थे। लेकिन आज वर्तमान में उसकी स्थिति काफी खराब है। कहा इसका कारण शिक्षा में कहीं ना कहीं कमी हुई है। वक्ताओं ने कहा कि राजनीति चेतना में संगठन की जरूरत है। वह आज समाज के लोगों ने दिखा दिया है। वक्ताओं ने कहा कि सीएनटी एक्ट झारखंड मे लागू किया गया है। इससे चंद्रवंशी समाज के लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि सीएनटी एक्ट के तहत चंद्रवंशी समाज को रखा गया है। उन जातियों के मिलने वाली सभी सुविधाएं चंद्रवंशी समाज को मिलनी चाहिए। नहीं तो उसे सीएनटी एक्ट से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि नहीं हटाया गया तो इसके लिए चंद्रवंशी समाज एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगा। इस मौके पर राष्ट्रीय चंद्रवंशी युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने कहा कि जो चंद्रवंशी के हितों की बात करेगा वही चंद्रवंशियों के दिलों पर राज करेगा। मौके पर युवा सेना के उपाध्यक्ष अनिल चंद्रवंशी, सचिव संजय चंद्रवंशी, महासचिव काशी चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, उपकोषाध्यक्ष शंकर चंद्रवंशी, कर्म देव चंद्रवंशी, विश्वनाथ भंडारी चंद्रवंशी, श्रवण चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, अतुल चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी सहित कई लोग ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में चंद्रवंशी समाज के काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल थे।

# राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा खूंटी का दिव्यांग झोंगो पाहन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जीवन में परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हो, लेकिन मन में कुछ करने का जज्बा हो, इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास प्रबल हो, तो न दिव्यांगता बाधा बनती है और न ही गरीबी आड़े आती है। इसे सिद्ध कर दिखाया है खूंटी के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त युवा दिव्यांग तीरंदाज झोंगो पाहन। आज वह जीता जागता दृढ़ इच्छाशक्ति का बड़ा चेहरा है। बचपन में ही दोनो पैरों में पोलियो का शिकार होने के बावजूद झोंगो ने अपने हौसलों और इरादों के बल पर ऊंची उड़ान भरने की तैयारी कर रखी थी। झोंगो पाहन



को 26 से 29 दिसंबर तक पंजाब के पटियाला में होनेवाली राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में झारखण्ड तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। खूंटी प्रखंड की फुदी पंचायत के सेल्दा गांव निवासी झोंगो के पिता गुसू पहान अपने गाव में चरवाहा का काम करते हैं, तो मां सोवाग देवी गृहिणी है। गरीबी, तंगहाली और बेटे की दिव्यंगता के बावजूद पढाई न छूटे, इसलिए 2022 में झोंगो का नामांकन खूंटी के बिरहू स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय में कराया। वहीं से तीरंदाजी की शुरूआत की और आज वह तीरंदाजी के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर दस्तक दे रहा है।

## ओलंपिक में पदक जीतना सपना

झोंगो ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत में वह कोच द्वारा धनुष थमाए जाने पर वह थोड़ा नर्वस था और उम्मीद नहीं थी कि बेहतर करेंगे, लेकिन सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि सामान्य तीरंदाजों को भी निशाना साधने में पीछे छोड़ रहा है। अब एकमात्र सपना ओलंपिक और पैरा ओलंपिक खेलों में भारत के लिए पदक जीतना खासकर गोल्ड मेडल हासिल करना है। **सुविधा मिले तो और बेहतर प्रदर्शन करेंगे खिलाड़ी :** झोंगो के प्रशिक्षक दानीश बताते हैं कि झोंगो भले ही दिव्यांग है, लेकिन उसका शरीर तीरंदाजी के लिए पूरी तरह से अनुकूल है और वह तेजी से इस विधा में निपुण हो रहा है। वह लगातार बेहतर करने की कोशिश में रहता है। कोच अशीष बताते हैं कि सीमित संसाधनों में झोंगो बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जबकि संसाधन और आधारभूत संरचना यदि बेहतर तरीके से यहां उपलब्ध कराया जाए, तो यहां के तीरंदाजों में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने की प्रतिभा है।

## खूंटी जिले के लिए गौरव की बात

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय में समाज के अन्तिम वर्ग के अनाथ, एकल अभिभावक के बच्चे, दिव्यांग, मानव तस्करी के मुक्त कराये गए और नक्सल प्रभावित परिवार के बच्चों को पढाई और खेल के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा में लाने का एक प्रयास है। इसमें अब बच्चे को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलना समस्त विद्यालय और जिला के लिए गौरव की बात है।

# हादसा में युवक की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर बिरसा मृग विहार के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पानी टंकी पिपराटोली खूंटी निवासी राजा चौधरी(20 वर्ष) के रूप में की गयी है, जबकि घायल युवक आर्या मुंडा खूंटी थाना क्षेत्र के पीड़ीटोली का रहने वाला है। घायल युवक भू अर्जन विभाग खूंटी में कार्यरत है। पिता की मौत के बाद 2019 में उसकी नौकरी लगी है। जानकारी के अनुसार आर्या मुंडा अपने दोस्त राजा





चौधरी के साथ अपनी बाइक से अपनी बहन के घर तुपुदाना जा रहा था। बिरसा मुग विहार के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे राजा चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि आर्या मुंडा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आर्या और राजा को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजा चौधरी को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने आर्या मुंडा की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। दोनों परिवार वालों का रो-रो बुरा हाल है। सोनू चौधरी ट्रक चालक हैं।

# अयोध्या नगरी से तोरपा पहुंचा अक्षत कलश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** अयोध्या नगरी से अक्षत कलश भगवान राम की फोटो और आमंत्रण पत्र रविवार को तोरपा पहुंचा। विश्व हिंदू परिषद के महेश प्रसाद सिंह उर्फ एमपी सिंह व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अक्षत कलश प्राप्त किया। कलश में आये हुए अक्षत को संगठन के लोग 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह व नवनिर्मित मंदिर में रामलल्ला के विराजमान होने के अवसर पर आमंत्रण देने तोरपा की सभी पंचायतो में घर घर जाकर आमंत्रण देंगे। एमपी सिंह ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने कें लिए संघ परिवार और विहिप के साथ सभी हिन्दू संगठनों, मंदिर समितियो, ए सामाजिक संस्थाओ,



ए हिंदू विचारों को लेकर कार्य कर रहे धर्म गुरुओ, महिला समितियों, युवा समितियों सहित अन्य संगठनों से आग्रह किया है कि मंगलवार को एनएचपीसी परिसर स्थित शिव मंदिर में बैठक आयोजित कर आगे की रूपरेखा तैयार की जायेगी। रविवार को आरती के बाद विश्व हिंदू परिषद के महेश प्रसाद सिंह ने पुरोहित अनिल मिश्र और बैकुंठ षाड़ंगी को अक्षत कलश सौंपा। एमपी सिंह ने बताया कि अगली बैठक के बाद घर-घर जाकर अक्षत का वितरण किया जायेगा।

मौके पर अजीत जयसवाल, मुकुल दास,, जितेंद्र गुप्ता, ऋषभ, नंदू महतो, ज्ञानचंद महतो, भीम, छोटू गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अंडरपास पुल का किया शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** देश को अरबो रुपए का राजस्व देने वाले राय रेलवे स्टेशन के पुरानी राय स्थित रेलवे फाटक के समीप पांच करोड की लागत से अंडरपास पुल निर्माण कार्य का रविवार को समारोहपूर्वक शिलान्यास किया गया। रेलवे प्रबंधन बरकाकाना द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे रांची सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि मे कांके विधायक समरीलाल,बरकाकाना के एडीआरएम अमित कुमार, सीनियर डीईए हंसराज मीणा, एएसटीई प्रभात कुमार, एईएम संजय संगीत्रा, टीआई उमेश कुमार, राय रेलवे स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सहित कई रेलवे अधिकारी मौजुद थे। अतिथियों के आगमन पर खलारी पिपरवार क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्त्ताओ सहित



बरकाकाना रेलवे प्रबंधन के द्वारा बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद इस सांसद संजय सेठ और विद्यायक समरीलाल ने विधिवत पूजा अर्चना कर शिलापट्ट से पर्दा हटाकर अंडरपास पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर खलारी भाजपा अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, पिपरवार भाजपा अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो,अश्विनी दाराद, विजय लाल, श्याम सुंदर सिंह, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया रीना देवी,खलारी उप प्रमुख सुमन देवी, राय मुखिया शीला देवी, एतवारा महतो, प्रितम साहु, रविन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, आनंद सिंह, सौखी महतो,राजू गुप्ता, निरंजन साहू, महेश साहू, रितेश केशरी, दिलीप अम्बष्ठ, प्रवीण दाराद, शिवपुजन चोहान, अनिल सिन्हा, दिनेश्वर सोनी, रामेश्वर महतो, तेजु महतो सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर कोई संगठन मजबूत नहीं हो सकता : कालीचरण मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** अड़की प्रखंड के जोजोहातु ग्राम में रविवार को कांग्रेस के अड़की प्रखंड अध्यक्ष बसंत सेठ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ कमेटी तैयार होने पर ही संभव है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं से ही कोई भी संगठन मजबूत होता हैं। कार्यकताओं को अनदेखा कर



कोई भी संगठन मजबूत नहीं हो सकता। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहें और कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने का काम करें।

मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, सरगया पंचायत अध्यक्ष लालमोहन मुंडा, बालालौंग प्रखंड अध्यक्ष शिव हजाम, क्यूम अंसारी, विलसन तोपनो, विजय कुमार स्वांसी, सोरेन दास, सोहराय मुंडा, रोहित लोहरा, प्रकाश मुंडा, महेंद्र सिंह मुंडा, महेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

# चालक की हत्या कर माल सहित ट्रक लूट ले गये अपराधी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** पंडरा रांची से खूंटी के व्यवसायियों का माल लेकर शनिवार रात 8.30 बजे वहां से निकले एक 407 ट्रक(जेएच 02एम 7111) को रास्ते से अज्ञात अपराधियों ने अगवा कर ट्रक चालक की हत्या कर दी और माल

> ट्रक के बारे में पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

सहित ट्रक को लेकर अन्यत्र फरार हो गये। इस बात का खुलासा रविवार सुबह तब हुआ, जब ट्रक के चालक खूंटी के बेलवादाग निवासी अनिल कश्यप, 48 वर्षद्ध का शव नगड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सैंबो पुल के नीचे से बरामद हुआ। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि अपराधियों द्वारा सामान सहित ट्रक का अगवा करने के बाद चालक की हत्या कर दी गयी और शव को वहां फेंक दिया गया। इस संबंध में नगड़ी थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। इस घटना की सूचना रविवार सुबह चालक अनिल कश्यप के स्वजनों को मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। बाद में नगड़ी थाना की पुलिस ने रिम्स रांची में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अपराधियों द्वारा लूटा गया ट्रक खूंटी के कर्रा रोड निवासी दीपक लहकार का है। बताया गया कि उक्त ट्रक से खूंटी के व्यवसायियों का रांची से माल लाने का काम किया जाता था। इस घटना के बाद से चालक अनिल कश्यप के स्वजनों का रोकर कर बुरा हाल है। रविवार अपराहन उसके शव का अंतिम संस्कार गांव में कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक लूटे गए ट्रक के बारे में पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

# झारखंड आंदोलनकारियों का अपमान कर रही है राज्य सरकार : योगेश वर्मा




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पार्टी ने हेमंत सरकार द्वारा झारखंड आंदोलनकारी को चिह्नित करने और उन्हें सम्मान के साथ पेंशन निर्धारित करने का आश्वासन देने की घोषण किये जाने के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर गभीर चिंता व्यक्त की है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह झारखंड आंदोलनकारियों के लिए अपमानजनक है। झारखंड पार्टी खूंटी जिला समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं की रविवार को महासचिव योगेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए योगेश वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार झारखंड आंदोलनकारियों का अपमानित कर रही है। संगठन की चर्चा करते हुए वर्मा ने कहा कि झारखंड पार्टी को हर हाल में मजबूत करना होगा, ताकि 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाई जा सके। काफी खंख्या में लोग उपस्थित थें।

# तमाड़ राज परिवार की दो सौ साल पुरानी हड़गड़ी परंपरा में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** तमाड़ राजपरिवार द्वारा अपनी पूर्व परंपरा हडगडी तीन पीढ़ी का एक साथ इचियातु पतरा जंगल में किया गया। तीन पीढ़ी लगभग दो सौ वर्ष से छुटा हुआ था। रविवार को पाहनों द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कर इसे किया गया। वर्षों पूर्व राजा परिवार की ससनदीरी है राजा गोपाल साय तक हडगडी हुआ था। आज तीन पीढ़ी उपेन नाथ शाहदेव, टिकैत प्रताप चंद्र नाथ शाहदेव और अमरेंदर नाथ शाहदेव की हडगडी पूरे मुंडा परंपरा के अनुसार गाजे

## हजारों लोगों को भोजन कराया गया



बाजे के साथ पाहनों द्वारा की गयी। तमाड राजा का इतिहास मुडाओं की परंपरा से मिलता जुलता रहा है। सत्येंदर नाथ शाहदेव, महेंद्र नाथ शाहदेव व धर्मेंद्र नाथ शाहदेव तीनों भाइयों और उनके बेटे द्वारा अपने पूर्वजों की हड़गड़ी की गयी। हजारों लोगों को राज परिवार द्वारा मीट भात खिला कर भोजन कराया गया। मुरलीडीह, कोडाडीह, जेठाडीह, पुण्डीदीरी, जाहिरटीकर, रामगढ़ निवासी हरबागड लुंगटू, मानागोडा कुजीयामा, पुरनानगर, गमहरिया, कोरवा आदि गावों के ग्राम प्रधान मुंडा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ तमाड़ मुंडा राजा के कार्यक्रम मे शामिल हुए। महिलाओं की उपस्थिति बड़ी संख्या में थी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 15 दिसंबर को होगा सोनाहातू में क्षेत्रीय गूंज



**सोनाहात ू(आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना मैदान में गूंज स्वयंसेवक एवं आजसू कार्यकर्ताओं की एक बैठक गूंज अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 15 दिसंबर को सोनाहातू थाना मैदान में आयोजित होनेवाले क्षेत्रीय गूंज की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। क्षेत्रीय गूंज में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावे सम्मान समारोह और परिसंपत्ति वितरण का आयोजन किया जायेगा। मौके पर चितरंजन महतो, संजय, श्याम, सुशेन प्रमाणिक, सावना महली, रूप कुमार, दिलीप कोइरी, खंजन महतो सहित सोनाहातू पूर्वी और सोनाहातू पश्चिमी क्षेत्र की केंद्रीय कमेटी, जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी, पंचायत प्रभारी, खेल प्रभारी, सक्रिय महिला, बुद्धिजीवी ग्राम प्रभारी और गूंज परिवार के सभी स्वयंसेवक आदि मौजूद थे।

### पद्मकिशोर महतो की 21वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के दुवारसीनी चौक पर स्थित आजसू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय पद्मकिशोर महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी 21वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। तत्पश्चात उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर हीरा लाल दास, जगदीश मांझी, रवि मुंडा, जगदीश महतो, कुंवर मुंडा, प्रकाश मुंडा आदि लोग उपस्थित थे।

### तमाड़ पूर्वी प्रखंड और बीरबांकी की मांग के लिए संघर्ष करेंगे जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के तमाड़ पूर्वी प्रखंड की मांग को लेकर रविवार को समाज सेवी, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवीयों और युवा वर्ग के लोगों की एक बैठक पंचवटी सभागार में हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिंगराय टूटी उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी वर्गों के लोगों ने तमाड़ पूर्वी अलग प्रखंड की मांग की, जिस पर आवाज बुलंद करने की बातें कहीं गयी। मौके पर जिला परिषद सदस्या भवानी मुंडा, गौरांग सिंह मुंडा, अमर सिंह मुंडा, सुशील नाग, कुंअर सिंह मुंडा, मंगल स्वांशी, ीरज प्रमाणिक, कालीचरण सिंह मुंडा ,रवि पातर, प्रमिला देवी, शांति देवी आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** महिला समूह की दीदियों द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें कहा गया कि महिलाएं अपने हक और अधिकार के लिए आगे बढ़ रही हैं। इसलिए महिला समूह की महिलाएं खुद आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस अभियान में विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, श्याम महतो, ललित कुमार, शिला देवी, धनेश्वर अहीर, पूनम देवी, दीपक कुम्हार, करुणा देवी, संपा, संगीता, चंद्रिका देवी, रीतिका देवी, बिंदु देवी, जयंती सहित काफी संख्या में महिला दीदी उपस्थित थीं।

### विधायक ने विकास भवन का शिलान्यास किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड की ताऊ कॉलोनी में तेरह लाख पचास हजार रुपये की लागत से बनने वाले विकास भवन का शिलान्यास तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने रविवार को किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार समाज के अंतिम पायदान तक योजनाओं को पहुंचा रही है। इस अवसर पर अरुण सिंह मुंडा, अघनु सिंह मुंडा, आदित्य नाग, नरेश मुंडा, देवीलाल मुंडा, मंगल मुंडा, जगत, सावना, दिलेश्वर, जयदेव उपस्थित थे।

### पाली केयर हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के धुर्वा मोड़ स्थित सिद्धिविनायक पाली केयर हॉस्पिटल के द्वारा रविवार को स्वास्थ्य शिविर लगा कर शुगर, बीपी, यूरिक एसिड, ईसीजी की मुफ्त जांच की गयी। इस शिविर में 116 मरीजों ने भाग लिया। सिद्धिविनायक पाली केयर हॉस्पिटल के डॉक्टर अखिलेश प्रसाद फिजिशियन कार्डियोलॉज,ी डॉक्टर सुहागिन मुर्मू, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अर्पणा सरदार, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर प्रशांत यूरोलॉजिस्ट, डॉक्टर शशांक फिजिशियन, डॉक्टर यूनिस अंसारी मेडिसिन के द्वारा मरीज का जांच की गयी और उन्हें मुफ्त दवा उपलब्ध करायी गयी।

### अयोध्या से पूजित अक्षत कलश पहुंचा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रविवार को बुंडू में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश पहुंचा, जिसे बुंडू काली मंदिर परिसर में लाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने अक्षत कलश का दर्शन किया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि जिला सहमंत्री राजीव झा ने बताया कि अक्षत कलश को 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच गांव और टोलों में भी ले जाया जायेगा। इस अवसर पर अमित उपाध्याय, पंकज भगत, जय चेल आदि उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 1114 आवेदन आये

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के लुंगटू पंचायत भवन मे आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों से एक हजार 114 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें आबुआ आवास के 290 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। उक्त कार्यक्रम में 250 धोती साड़ी का वितरण किया। 56 लोगों को दवाई दी गयी। 47 लोगों के आधार सुधार के आवेदन आये। 20 लोगों के जाब कार्ड, 13 लोगों ने वृद्धा पेंशन, तीन के विधवा पेंशन के आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 61 गरीबों ने कंबल के आवेदन दिये। इस अवसर पर बीडीओ संतोष प्रजापति, सीओ अतुल रंजन भगत के अलावे प्रखंड और अंचल के सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### परीक्षा में 1500 बच्चों ने भाग लिया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मजदूर सेवा संगठन के द्वारा आयोजित अनुमंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को संत जेवियर उच्च विद्यालय में ली गयी। इस परीक्षा में पूरे अनुमंडल क्षेत्र से लगभग 1500 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम आये बच्चों को कंप्यूटर, लैपटॉप और एंड्राइड मोबाइल दिया जायेगा। पूर्व में मजदूर सेवा संगठन के द्वारा सिर्फ ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाता था। इस बार बुंडू में पहली बार सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

### खिजरी विधायक ने ओबर, डीमरा नाला पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# लंबित सभी समस्याओं का किया जायेगा समाधान : राजेश कच्छप

**जोन्हा और सिकिदिरी क्षेत्र को जोड़ने वाला है एक मात्र मार्ग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

## शिलापट्ट पर सांसद का नाम, नहीं मिला आमंत्रण, भाजपाई ने जतायी नाराजगी



पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास करते खिजरी विधायक राजेश कच्छप।

**सिकिदिरी।** विधायक राजेश कच्छप ने रविवार को बहुप्रतीक्षित ओबर डीमरा नाला पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत उच्चस्तरीय पूल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बतातें चलें कि ये मार्ग जोन्हा और सिकिदिरी क्षेत्र को जोड़ने वाला एक मात्र मार्ग है। लेकिन इस नाले में पूल के अभाव में बारिश के दिनों में पानी भर जाने के बाद लोगों को 10 किलोमीटर पहुंचने के लिए 20 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। इस पूल के बन जाने से सिकिदिरी एवं जोन्हा क्षेत्र के लोगों के अवागमन के साथ ही शिक्षा, स्वस्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके अलावा हुण्डरू एवं जोन्हा फॉल की दूरी भी कम हो जाऐगी। जिसे पर्यटकों को काफी सुविधा होगी। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि इस नाले में पूल निर्माण कार्य का बहुत दिनों से लोगों का मांग थी जो आज पूरा हुआ है । इतना ही नहीं, हमारा प्रयास है विधानसभा क्षेत्र के जितने भी बहुप्रतीक्षित समस्ययें हैं उनका समाधान किया जाएगा। जैसे कुच्चू पड़रियाबेड़ा में रोड़ निर्माण, गुंगा नाला में, पुल का निर्माण आदि। शिलान्यास कार्य से क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी दिखाई दी। वहीं, शिलापट में सांसद का नाम अंकित रहते हुए कोई सूचना नहीं देने का अरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया। मौके पर अनगड़ा प्रमुख दिपा उरॉव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुण्डा, साकिर अंसारी, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया, पंसस कुच्चू जोन तिग्गा, छोटेलाल महतो, युनुस अंसारी, एतवा उरॉव, मकर सिंह मुण्डा, सफीक अंसारी, नयुम अंसारी, जगदीश भोगता,संतोष बेदिया, सचिमोहन कुमार, बाली महली, शनिचारवा बेदिया, जीवधन बेदिया, अजय करमाली , कुलेश्वर मुण्डा, ममता देवी, सिद्धिक अंसारी, एतवा बेदिया, जगमोहन बेदिया, वार्ड सदस्य संकरा बेदिया, सावना बेदिया, मांगू बेदिया, हाथीराम बेदिया, जगदीश, बेदिया, दिलेशवर बेदिया, रोपनबाला देवी, सुनीता देवी, नवमी देवी, सुकूवा बेदिया, के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## खूंटी के व्यक्ति की हत्या, नगड़ी क्षेत्र से बरामद हुआ हाथ बंधा शव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड सैंबो पुल के नीचे से रविवार की सुबह 48 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। उसकी पहचान अनिल कश्यप के रूप में हुई है। वह खूंटी जिले के बेलवादाग गांव का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलने के बाद नगड़ी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि व्यक्ति की हत्या कहीं अन्य स्थान पर करके साक्ष्य छिपाने की नियत से आरोपियों ने शव को पुल के नीचे फेंक दिया और वहां से फरार हो गये। नगड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि शव पर कोई चोट के निशान नहीं है, लेकिन उसके दोनों हाथ बंधे थे, इससे आशंका जतायी जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया होगा। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति पेशे से गाड़ी चालक है और विगत रात को पंडरा बाजार से कुछ सामान लेकर खूंटी के लिये निकला था। समाचार लिखे जाने तक नगड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।1

## जमीन विवाद में धारदार हथियार से हमला, एक गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रातू।** थाना क्षेत्र के गुड्डु में शनिवार की रात एक जमीन के मामले में उपजे विवाद के बाद एक पक्ष के लोगो मे धारदार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस घायल व्यक्ति को रातु सीएचसी ले गयी जहां गम्भीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। मामले को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक गुड्डु निवासी रोहितासव प्रसाद का गांव के ही आस्तिक महतो व उसके पिता निर्धारित महतो से जमीन विवाद चल रहा था। शनिवार की शाम रोहितासव प्रसाद अपने खेत से घर जा रहे थे तभी रास्ते मे घात लगाकर बैठे गुड्डु निवासी आस्तिक महतो व उसके पिता निर्धारित महतो ने रोहितासव पर धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति का इलाज रिम्स में चल रहा है। मामले को लेकर रातु थाने में दो आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 465 दर्ज किया गया है।पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## बेड़ो कपड़ा बैंक ने 350 जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कंबल व कपड़ा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुमरी मसिया गांव में रविवार को बेड़ो कपड़ा बैंक की ओर से कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में 350 जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े, कंबल, साड़ी, जींस, बच्चों के कपड़े आदि का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि कपड़ा बैंक प्रत्येक रविवार को विभिन्न गांवों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़ा वितरण करता है। जिसमें आम लोगों का सहयोग रहता है। जो अपने घरों में नए-पुराने अनुपयोगी कपड़ा उन्हें देते हैं। वहीं, कपड़ा बैंक के सदस्य अपने निजी खर्च से कंबल खरीदकर बुजुर्ग लोगों को देते हैं। बतातें चलें कि बेड़ो कपड़ा बैंक की स्थापना 2020 में की गई थी। तब से लगातार कपड़ा बैंक सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। कपड़ा बैंक कपड़ा देने वालों और जरूरतमंदों के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करती है। जो कपड़ा किसी के लिए अनुपयोगी हो गए हैं वो कपड़ा किसी के लिए तन ढकने और ठंड से बचने के लिए जरूरत है कपड़ा पाकर लोगों की खुशी देखते बनती है और यही कपड़ा बैंक की सफलता है। इस दिन कपड़ा वितरण में मासिया के आजाद अंसारी का सहयोग रहा। मौके पर कैलाश कुमार, शक्ति साहू, सुनील महतो, मुकेश कुमार, रवि केशरी और अनुज गुप्ता आदि मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ता के स्वजनों से मिले पूर्व विधायक, व्यक्त की संवेदना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने रविवार को प्रखंड के पांडेपारा गांव में नरकोपी भाजपा एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष खेदुआ पहान के पिता बुधवा पहान ने निधन की खबर पाकर पहुंची थी। वे स्वजनों से मिली और अपनी संवेदना व्यक्त की। आकस्मिक निधन पर दुख प्रकट करते स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार के सदस्यों को आश्वस्त किया कि दुःख की घड़ी में वो उनके साथ हैं। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, सुखदेव कच्छप, राजेश साहू और अनिल उरांव आदि मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने घायल सुनिल से की मुलाकात

**मांडर (आजाद सिपाही)।** विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक ने रविवार को जमील मलिक और नसीम अंसारी ने कांस्टेंट लिभंस अस्पताल पंहुचकर सुनील उरांव से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही डॉक्टर से अच्छे से इलाज करने का अनुरोध किया। बतातें चलें कि मांडर निवासी सुनील उरांव अपने खेत में दो साल के बेटे को गोद लिये धान देखने गया था। तभी 11000 वोल्ट का तार की चपेट में आने से बाप-बेटा घायल हो गया। वहीं प्रखंड के चटवल में पिछले दिनों कुदुस अंसारी की असामयिक मौत हो गयी थी। विधायक प्रतिनिधि उनके परिवार से मिले और एक बोरी चावल व कुछ आर्थिक मदद की। अंचल अधिकारी मांडर को पारिवारिक लाभ और विधवा पेंशन तुरंत बनाने का का आग्रह किया। साथ ही अबूआ आवास के लिए आवेदन कर आवास दिलाने की बात कही।

## महाकवि घासीराम स्मारक समिति की बैठक

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** महाकवि घासीराम स्मारक समिति की बैठक रविवार को करकट में हुई। जिसमें महाकवि घासीराम महली की जयंती सह मेला को सार्वजनिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। महाकवि घासीराम महली की जयंती सह मेला प्रत्येक वर्ष 17 जनवरी को मनाई जाती है। इस मौके पर डॉ परमेशवर भगत, अजित सिंह, त्रिपुरारी तिवारी, जोगेन्दर यादव, हरीनन्दन महली, महादेव महली, अशोक महली, दिनेश महली, रवि महली, भोला महली, दविंद्र महली, संतोष महली, संकर उरांव, सरवन गोप, कैलाश महतो, केसरा महतो, बुलू भगत, महाबीर महली और मकेशवर राम महली समेत आदि मौजूद थे।

## उद्यमिता विकास के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा मास सेंटर : रामटहल

**- मास अनगड़ा में कृषि उद्यमिता विकास पर कार्यक्रम का आयोजन, मास एस्कवायर का हुआ उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**अनगड़ा।** प्रखंड के चिलदाग पंचायत अंतर्गत लालगढ़ स्थित मोबाइल एग्रीकल्चर स्कूल एण्ड सर्विसेज (मास) परिसर में रविवार को कृषि उद्यमिता के विकास को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं परिसर में नवनिर्मित मास एस्कवायर का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी शामिल हुए। इनके अलावा रांची विवि व जेटीयू के पूर्व कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, नावार्ड के सुभाषचंद्र गर्ग, पलांडू के कृषि वैज्ञानिक शिवेंद्र कुमार, बीएयू के डॉ आरपी रतन, वाइबीएन विश्वविद्लाय के निदेशक रामजी यादव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मास के विभिन्न कृषि गतिविधियों की जानकारी देते हुए निदेशक विजय भरत ने कहा कि मास में अब तक 3.5 लाख से भी अधिक किसानों एवं छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त कर अधिकांश लोग कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुके हैं और विभिन्न पदों को सुशोभित कर रहे हैं। वहीं, पूर्व सासंद रामटहल चौधरी ने कहा कि मास सेंटर उद्यमिता विकास के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा है। इस सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग स्थायी आजीविका सुनिश्चित कर रहे हैं वहीं स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि कृषि उद्यमिता के लिए कृषि को एक विपणन योग्य और आकर्षक व्यवसाय में बदलना आवश्यक है। कृषि उद्योग की उद्यमशीलता क्षमता को अधिकतम करने के लिए पानी, बीज, मिटी और बाजार की मांगों सहित कृषि तत्वों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कृषि प्रबंधन एवं कृषि प्रौद्योगिकी के डिजिटल बुनियादी ढांचे पर पर्याप्त जोर दिया गया है। मौके पर जिप सदस्य अनुराधा मुंडा सहित अन्य कृषि वैज्ञानिकों ने भी कृषि उद्यमिता के विकास पर अपने विचार दिए। इस अवसर पर मास सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न कृषि सेवा क्षेत्रों में बेहतर करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। स्वागत डॉ विनय भरत और संचालन मीनाक्षी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी नीलकंठ चौधरी, रामसाय मुण्डा, सोनालाल महतो, लबु महतो सहित उषा मार्टिन एवं वाइबीएन यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## रांची में धनबाद के सैकड़ों युवाओं ने थामा शिवसेना का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे के सिद्धांतों से प्रेरित होकर धनबाद के अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष रुद्र स्वामी करनैल सिंह उर्फ अरविंद प्रभाकर रुद्र स्वामी अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को रांची स्थित शिवसेना झारखंड प्रदेश कार्यालय अशोक नगर में जाकर शिवसेना का दामन थाम लिया। इस दौरान शिवसेना के झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह ने अरविंद प्रभाकर रूद्र स्वामी को एक वर्ष के लिए झारखंड के प्रदेश संगठन सचिव के रूप में उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर पार्टी में शामिल किए। इसके अलावा शिवसेना प्रदेश प्रभारी दयानंद कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता गोवर्धन सिंह, युवा सेवा झारखंड प्रदेश प्रमुख संदीप मुखर्जी, मनोज गुप्ता समेत रांची जिला महानगर प्रमुख रोनित कुमार ने शिवसेना में शामिल होने वाले नवनियुक्त संगठन सचिव को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, शिवसेना का सदस्यता लेते ही अरविंद प्रभाकर रूद्र स्वामी ने कहा कि समाज के निचले पायदान में रहने वाले सभी जाति संप्रदाय के साथ मिलकर राष्ट्र के संप्रभुता व एकता को बनाए रखने के लिए वे हमेशा कार्य करेंगे। शिवसेना में शामिल होने वालों में मधुसूदन रवानी, लालचंद राय, महालय बावरी, गुड्डू रामानी, हलीम खान आदि शामिल थे। वहीं, सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से शिवसेना प्रदेश प्रभारी दयानंद कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता गोवर्धन सिंह, युवा सेवा झारखंड प्रदेश प्रमुख संदीप मुखर्जी, मनोज गुप्ता रांची जिला महानगर प्रमुख रोनित कुमार, हर्ष यादव, विशाल पंडित, श्रीमन नारायण, गौरव सिंह, जितेंद्र सिंह विजय गोसाईं, सिद्धेश्वर भारती, शिवम सिंन्हा आदि मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर सेमिनार का आयोजन

# मौलिक अधिकार पाने के लिए कानून और संविधान की जानकारी बेहद जरूरी: मनोज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को मानवाधिकार, छात्र-छात्राएं व समाज की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने मानवाअधिकार के कार्यकर्ताओं से कहा कि आज के समय में संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार को पाने के लिये कानून और संविधान की जनकारी प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। वर्ग 8 से ही सीआरपीसी और आईपीसी की पढाई अनिवार्य होना चाहिये। ताकि हक व अधिकार के लिये लड़ सके। साथ ही झारखंड मे जल्द से जल्द आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की बहाली हो। ताकि लंबित मामलों का निपटारा जल्द से जल्द हो सके। वहीं, मुख्य अतिथि सेवानिवृत डीएसपी एवं सीआईएसएफ रामदेव सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि मानवाधिकार की रक्षा के लिये संगठित होना जरूरी है। संगठन में शक्ति है। संचालन करते हुए झारखंड मानवाधिकार संघ के अध्यक्ष ने संघ के कार्यो की जनकारी दी। साथ ही कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपनी अधिकारों को बचाने का प्रयास करे। अध्यक्षता अधिवक्ता दिल बहादुर ने की। सेमिनार को दिल बहादुर, राजेंद्र यादव, चंदन कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुशन गोप, रतन कुमार, राजू कुमार, कृष्ण कुमार, लक्ष्मी कुमारी, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रखंड प्रमुख ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के निर्देश पर रविवार को नामकुम प्रखंड के तुपुदाना वार्ड 53 में रांची-खूंटी रोड से राज अस्पताल होते हुए महेश सिंह के घर से सरकारी स्कूल तक, तुपुदाना रिंग रोड शांति नगर न्यू हुलहुंडू में विनोद सिंह के घर से स्वेता कुमारी के घर तक एवं नामकुम के कालीनगर में विमल घोष के घर तक नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि खिजरी विधायक ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिये प्रयासरत है। इस मौके पर प्रमुख आशा कच्छप, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, वार्ड 53 की पार्षद निर्मला गाड़ी, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, छोटू तिर्की, विमल घोष, मुरली कुमार, पिरुवा कच्छप, राणा टोप्पो, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

### दोलैचा के ग्रामीणों ने की टीओपी बनाने की मांग



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दोलैचा पंचायत में बाजार टांड़ के पास टीओपी बनाने की मांग को लेकर दोलैचा के ग्रामीणों ने सभा की और थाना प्रभारी के नाम मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी, रंगदारी व असमाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ी है। ग्रामीणों ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मांग की कि अब यहां पर स्थायी टीओपी बनाया जाए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक, पंचायत अध्यक्ष दुर्गा नाथ पाईक, मुखिया मालती रानी, केरकेट्टा पूर्व मुखिया तेम्बा उरांव, एक्स आर्मी गंदुर उरांव, चरकु भगत, संतोष कुमार साहू, कंचन कुमार साहू, नीलकमल साहू, अमित भगत, मंटू भगत, कुलदीप साहू, किशोर कुमार साहू, ग्राम प्रधान बहुरा मुंडा, पोस्ट मास्टर कृष्णा साहू, नारायण साहू, प्रेमचंद गोप, दसा भगत, जितेंद्र पाईक आदि ने अपना हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा।

### 124वां नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा



**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को 124वां निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, संस्था के वरिष्ठ सदस्य पूरणमल सर्राफ, कार्यक्रम सह संयोजक ओम प्रकाश सरावगी एवं अंजनी अग्रवाल ने अपने भतीजे संग 124वें श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का उद्घाटन कर वितरण शुरू किया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा में प्रभाष गोयल, विजय अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी, पवन पोद्दार, ज्ञान प्रकाश शर्मा, बिष्णु सोनी, चंद्रदिप साहू, परमेश्वर साहू, धीरज कुमार गुप्ता, महेश वर्मा, महिला समिति की चंदा देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल उपस्थित थीं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### उज्ज्वला योजना के तहत 14 लाभुकों को मिला गैस चूल्हा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रविवार को सिल्वे और टाटी पंचायत के 14 लाभुकों के बीच भाजपा टाटीसिलवे मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा और उलातू सिल्वे पंचायत के मुखिया प्रत्यासी पाको देवी के सहयोग से गैस चूल्हा का वितरण किया गया। अमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार अपने कार्यकाल में एक से बढ़कर एक काम कर रही है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने और लाभुकों को पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। पाको देवी ने लाभुकों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिये फार्म भरने की अपील की।

## वारदात : हैदरनगर-जपला मुख्य पथ के चौकड़ी मोड़ की घटना

# युवक को चाकू मारकर बाइक लूटी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर-जपला मुख्य पथ के चौकड़ी व बहेरा मोड़ के बीच शनिवार की देर शाम अपराधियों ने 26 वर्षीय युवक को चाकू मारकर उसकी बाइक लूट ली। युवक की पहचान नीरज कुमार सिंह के रूप में हुई है वह भगड़ा गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार नीरज इस दिन बाइक से जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात लुटेरों ने बीच सड़क पर खड़े होकर उसे रुकने का इशारा किया। यह देख नीरज डर गया और बाइक बगल से निकाल कर भागने की कोशिश की। इसी चक्कर में असंतुलित होकर गिर गया। जिसके बाद अपराधी ने बाइक सवार नीरज के सीने में चाकू मार कर घायल कर दिया। वह घायल अवस्था में ही बाइक छोड़ दौड़ कर हैदरनगर की ओर भाग कर अपनी जान बचाई। इस बीच लुटेरे नीरज की बाइक (नंबर सीजी 05 डी 0711) लेकर भाग गए। इसके बाद नीरज ने हैदरनगर पुलिस को घटना सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस घटना स्थल पहुंची, लेकिन वहां बाइक नहीं मिली। इस बीच नीरज को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लेजाकर इलाज कराया। उनके सीने में एक टांका लगा हैं। वह खतरे से बाहर है। इस बाबत रविवार की सुबह हैदरनगर थाना प्रभारी ने पूछने पर बताया कि इस तरह की किसी घटना की जानकारी उनके पास नहीं है। जबकि हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से इलाज करा कर लौटे नीरज ने घटना की विस्तृत जानकारी पत्रकारों को दी। बताया कि घटना के तुरंत बाद हैदरनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरक्षण भी किया। वहीं, पीड़ित के भाई ने बताया कि हैदरनगर में सुरक्षा व्यवस्था की हालत नाजुक है। रात 8 बजे के बाद चलना ही खतरे से खाली नहीं है।

## रसोई गैस सिलेंडर से रिसाव के बाद लगी आग, चार झुलसे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के दर्जी मुहल्ला में सिलेंडर से हुए गैस रिसाव के बाद लगी आग में चार लोग झुलस गए। जिसमें एक की हालत गंभीर है। घटना शनिवार देर शाम करीब आठ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार अनवर खलीफा उर्फ बिट्टू के रसोई घर में सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव हो रहा था। इस बात से अनजान जफरीन प्रवीन व निकहत प्रवीन खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाने गई, तभी पूरे रसोई घर में आग की लपटें निकलने लगी। जिससे जफरीन प्रवीन और निकहत प्रवीन आग की लपटों में घिर गई। इन दोनों महिलाओं को बचाने गए अनवर खलीफा और इम्तियाज खलीफा भी आग की लपटों से झुलस गए। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सभी का इलाज हुआ। अनवर खलीफा के गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया।


आग लगने से झुलसे लोगों को अस्पताल में चल रहा इलाज।

## राज्यसभा सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपाइयों ने निकाला आक्रोश मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष विजय आनंद पाठक की अगुवाई में कांग्रेसी सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च गीता भवन से लेकर बाजार होते हुए छह मुहान चौक तक जाकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई।

सभा को संबोधित करते हुए आनंद पाठक ने कहा कि कांग्रेसी नेता धीरज साहू के घर और कार्यालय से 300 करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी हुई। जो झारखंड की गठबंधन सरकार को भ्रष्टाचार में लिफ्ट रहने का परिचायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ना खाएंगे ना खाने देंगे और जनता के पैसे लूटने वाले भी जेल जाएंगे। छत्तीसगढ़ में संपन्न चुनाव के बड़ों की खरीद फरोख्त के लिए इस काले धन का इस्तेमाल किया जाना था, लेकिन जांच एजेंसी ने समय रहते पकड़ लिया। भाजपा नेता परशुराम ओझा ने कहा कि उनके गठबंधन सरकार के कोई मंत्री भी भ्रष्टाचार में लिफ्ट है और आने वाले समय में ये सभी जल जाएंगे। विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि जनता को लूटने वालों की जगह तिहाड़ जेल में है। उनका बचना मुश्किल है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड की लुटेरी सरकार जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रही है। विकास शून्य है एवं भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। दुर्गा जौहरी ने कहा कि जनता की गाड़ी कमाई को लूट कर अपनी तिजोरी भरने वाले सांसद धीरज साहू को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजने की जरूरत है। अविनाश वर्मा ने कहा कि झारखंड में ठग गठबंधन की सरकार लूट का चारागाह बना दिया है। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री शैतान गर्ग ने किया। इस नुक्कड़ सभा में छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी, विजय ओझा, मंगल सिंह, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, विजय कुशवाहा, छोटू सिंह, ज्योति पांडे, नंदलाल गुप्ता, रिंकू माली, निवेदन अग्रवाल, कृष्ण मखड़िया, नवीन दुबे, सुनील पांडे, सीटू गुप्ता, मीना गुप्ता, संजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, विपुल गुप्ता, बच्चन ठाकुर, शांति पांडे, धीरेंद्र उपाध्याय, अनिल सोनी आदि उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों की सेवा करना हमारा लक्ष्य: मिशन समृद्धि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर चलने वाला यह अभियान निश्चित रूप से समृद्धि टीम के प्रयास, भोजन देने वाले परिवार आदि की ओर से समाज में हो रहे इस अच्छे कार्य को सबके सामने प्रस्तुत करने की वजह से ही लंबें अंतराल से यह चलते चला आ रहा है और आगे भी चलता रहे यह कोशिश रहेगी। अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल दातून बेचने वालों, राहगीरों शनि मंदिर प्रांगण में सबों के बीच रोटी सब्जी खिचड़ी का वितरण किया गया। कभी-कभी अफसोस उस समय जरूर होता है जब भोजन लेने वाले अधिक और हम देने वाले उन्हें भरपूर मात्रा में नहीं दे पाते। यह भी सच है कि बिना जरूरत वाले लोग कभी भी नहीं भोजन नहीं लेते। इसके पीछे निःसंदेह समृद्धि टीम का योगदान है क्योंकि प्रारंभ में निकम्मे लोग भी भोजन ले लेते थे। काम के प्रति उन्हें जागरूक भी किया जाता रहा है जिस वजह से अब वे सामने नहीं होते। जरूरतमंदों के प्रति समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होता है उनका सहयोग करना।इस संदेश को मिशन समृद्धि संस्था ने घर-घर तक पहुंचाने का काम किया है। यही वजह भी है कि हमारी झोली मानवता की भावन और रोटी से भरती रहती है।सभी सहयोगियों का आभार। अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार सिंह, ऋषि कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहता है।

## मानव सेवा का पर्याय बन चुका है सर्वेश्वरी समूह : रागिनी राय

**17 को विश्रामपुर में लगेगा निःशुल्क मेघा चिकित्सा शिविर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**विश्रामपुर/पलामू।** श्री सर्वेश्वरी समूह के प्रयागराज और पलामू प्रमंडलीय शाखा की ओर से 17 दिसंबर को विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में निःशुल्क मेघा चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। जिसमें 25 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी टीम के साथ रोगियों का जांचोपरांत इलाज करेंगे। इसकी जानकारी रविवार को समूह द्वारा विश्रामपुर राज परिवार के गढ़ में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी गई। मेदिनीनगर शाखा उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के निदेशक रागनी राय ने बताया कि शिविर में एलोपैथ व होमियोपैथ पद्धति से सभी रोगों का इलाज होगा। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी होगा। जांचोपरांत चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जायेगा। मरीजों को प्रमार्श और मुफ्त दवा भी दिया जायेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के जो मरीज शिविर तक आने मे असहाय होंगे उन्हे समूह द्वारा वाहन भी उपलब्ध कराया जायेगा। श्रीमती राय ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह पूरे दुनिया में मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। समूह बगैर किसी भेदभाव के सभी जरूरतमंदों का मदद करता है। हमारा लक्ष्य है कि इस मेघा चिकित्सा शिविर में पांच हजार लोगों का जांचोपरांत मुफ्त इलाज हो। उन्होंने आम लोगों से शिविर में आकर स्वास्थ जांच और उपचार कराने का आग्रह किया। समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि मेघा चिकित्सा शिविर आयोजन की तैयारी जोरों पर है। समूह के पदाधिकारी एवं सदस्य शिविर की सफलता हेतु जुटे हुए हैं। प्रेसवार्ता में समूह के प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय, सुमन साही, डॉ नरेन्द्र पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## धूमधाम से मना शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 66वां जन्मदिन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 66वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, तूरी, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत जी के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना कर केक काटकर जन्म दिवस मनाया। वहीं, लोको पायलट आकाश कुमार चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व के चलाया जाता है। इनके बताए मार्ग पर चलकर, हम जीवन को सफल बना सकते हैं।उक्त सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी द्वारा अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया गया। वही भक्तों ने अपने-अपने केंद्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओ के बीच भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र सहायक सह शिक्षिका मधु कुमारी, सेवा सहायक सह संवाददाता कृष्णा गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, शिक्षक सरोज चौधरी, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुमित्रा देवी, नवीन पांडेय, देवंती देवी, उमेश साव, गोपाल गुप्ता, घनश्याम शर्मा, अक्षय कुमार सिंह, राजन साव, सुनील पाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## उरसुला के युवक की पुणे में हुई मौत शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत उरसुला गांव के एक युवक की मौत पुणे में हो गई। रविवार को उसका शव जैसे ही पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। जानकारी के अनुसार उरसुला गांव के हुलास राम का पुत्र गोविंद कुमार (22) कमाने के लिए मुंबई जा रहा था। गोविंद महाराष्ट्र के पुणे स्टेशन पर पानी पीने के लिय उतरा था। इसी बीच ट्रेन चलने गयी। वह दौड़कर ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश करने लगात तभी उसका पैर फिसल गया। जिससे वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिर पड़ा और ट्रेन उसको रौंदती हुई निकल गई। जिससे घटनास्थल पर ही गोविंद की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गोविंद की शादी तय हो गई थी। उसके विवाह को लेकर घर में खुशी का माहौल था। लेकिन इस हादसे से खुशी मातम में बदल गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। इधर रविवार को गांव के श्मशान घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया। जिसमें समाजसेवी गोपाल राम, वार्ड पार्षद अजय कुमार रवि, डॉ राजेश कुमार, राकेश कुमार, ब्रह्मदेव राम, देवनाथ राम, मनोज राम, सुदामा राम, विनोद राम, सुरेश यादव, विष्णु राम, रविन्द्र सिपाही, भीखारी राम, अभय कुमार, संजय कुमार आदि थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र की बाउंड्री को तोड़ कर अज्ञात लोगों ने बनायी सड़क

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज पूर्वी पंचायत के वैध विगहा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 के चारदीवारी को ध्वस्त कर अज्ञात लोगों ने रातोंरात सड़क निर्माण कर दिया। जिससे हरिहरगंज शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में केंद्र 2 के प्रभार में काम कर रही सेविका मधु कुमारी ने रविवार को थाने में लिखित शिकायत की है। सेविका ने बताया कि शनिवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा केंद्र संख्या 2 की चारदीवारी को तोड़कर सड़क निर्माण कर दिया गया और लगी गेट को गैस कटर से काटकर ले गए। इसकी सूचना हमें रविवार की सुबह मिली। जिसके बाद थाने में लिखित शिकायत की गई है। दूसरी ओर, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का चारदीवारी तोड़ दिया गया है और सड़क बना दिया गया। इस मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

## वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज हारा इंग्लैंड

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वनडे वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड को अब वेस्टइंडीज ने 2-1 से वनडे सीरीज हरा दी है। वेस्टइंडीज ने तीसरा वनडे डीएलएस मेथड के तहत 4 विकेट से जीता। शनिवार को ब्रिजटाउन में इंग्लैंड ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 206 रन बनाए। बारिश के कारण ओवर कम किए गए और वेस्टइंडीज को 34 ओवर में 188 रन का टारगेट मिला। वेस्टइंडीज ने 31.4 ओवर में 6 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। 3 विकेट लेने के साथ 13 रन बनाने वाले मैथ्यू फोर्ड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं 3 वनडे में 192 रन बनाने वाले कैरेबियाई कप्तान शाई होप प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए।

## सीआइसी रेल खंड में रेल यात्रियों का शोषण रेलवे की तानाशाही का प्रतीक : मनोज शर्मा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** सीआइसी रेलखंड में रेल प्रशासन की ओर से यात्रियों का खुला शोषण किया जा रहा है। एक तो लाइफ लाइन पैसेंजर ट्रेनों में डब्बो की संख्या में भारी कटौती व ऊपर से आरपीएफ द्वारा किसी न किसी स्टेशन पर सीधासाधे यात्रियों को महिला डब्बा में गलत तरीके से यात्रा करने के नाम पर मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उक्त बातें रेल उपभोक्ता समिति के पलामू जिला प्रवक्ता मनोज शर्मा ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं की दिशा में पहल की मांग की है। कहा कि इस खंड रेल खंड के कई लाइफ लाइन ट्रेनों के बोगी में भारी कटौती की जा रही है। विवाह के मौसम में लोगों को गंतव्य तक पहुचने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि उक्त रेल खंड की अधिकांश ट्रेनें धनबाद रेल मंडल से संचालित है। जबकि धनबाद रेल मंडल राजस्व की दृष्टिकोण से विगत 8 माह से नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए कमाई में देश का नंबर वन बन गया है। इसके बावजूद यात्री सुविधाओं की कटौती दुर्भाग्यपूर्ण व इस रेल खंड से जुड़े यात्रियों के साथ सौतेला व्यवहार है। कहा कि रेल प्रशासन की भी जबाबदेही है कि रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेल डब्बो को बढ़ाने के लिए अपने वरीय पदाधिकारी से पहल की व्यवस्था करें। यदि रेलवे प्रशासन त्वरित कार्रवाई करते हुए इस समस्या पर पहल नहीं की तो बाध्य होकर आंदोलनात्मक कार्रवाई करते हुए कभी भी रेल उपभोक्ता चक्का जाम जैसा आंदोलन कर सकते हैं।

## स्पोर्ट्स



दुबई के आइसीसी एकेडमी ग्राउंड पर रविवार को खेले गए एशिया कप अंडर-19 मुकाबले में पाकिस्तान ने इंडिया को आठ विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 259 रन बनाए, जिसे पाक खिलाड़ियों ने दो विकेट पर हासिल कर लिया।

## अजान अवैश ने लगाया शानदार शतक, जीशान ने झटके चार विकेट

# पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप में भारत को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**दुबई।** अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया को पहली हार का सामना करना पड़ा। टीम को पाकिस्तान ने 8 विकेट से हरा दिया। दुबई में रविवार को भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट पर 259 रन बनाए। पाकिस्तान ने 47 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। पाकिस्तान से अजान अवैश ने 105 रन की नॉटआउट पारी खेली। वहीं कप्तान साद बैग और शाहजैब खान ने फिफ्टी लगाई। उनसे पहले मोहम्मद जीशान ने महज 46 रन देकर 4 विकेट झटके थे।



### भारत की खराब शुरूआत

दुबई के आइसीसी एकेडमी ग्राउंड पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही, ओपनर अर्शीन कुलकर्णी 24 और रुद्र पटेल 1 ही रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 46 रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए। शुरूआती झटकों के बाद कप्तान उदय सहारन ने ओपनर आदर्श सिंह के साथ 93 रन की पार्टनरशिप कर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। दोनों 20 ओवर खेल चुके थे लेकिन 32वें ओवर में आदर्श 62 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद उदय भी 60 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

### सचिन दास की फिफ्टी

दोनों सेट बैटर्स के आउट होते ही टीम ने लगातार विकेट गंवा दिए। सचिन दास एक एंड पर टिके रहे लेकिन उनके सामने मुशीर खान (2 रन), अरावेली अवनीश (11 रन), मुरुगन अभिषेक (4 रन) और राज लिम्बानी (7 रन) जल्दी आउट हो गए। सचिन 42 बॉल पर 58 रन बनाकर आउट हुए और टीम को 250 रन के पार पहुंचा दिया। टीम ऑलआउट नहीं हुई और 50 ओवर में 9 विकेट पर 259 रन बना दिए। पाकिस्तान से तेज गेंदबाज मोहम्मद जीशान ने 46 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने नेपाल के खिलाफ पहले मैच में 6 विकेट लिए थे। जीशान के अलावा आमिर हसन और उबैद शाह को 2-2 सफलताएं मिलीं। वहीं अराफात मिन्हास को एक विकेट मिला।

## बाजार समिति परिसर में सरकार आपके द्वार के तहत शिविर आज

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। हैदरनगर प्रखंड के मोकहरकला पंचायत में, हुसैनाबाद प्रखंड के बेनीकला में, पिपरा प्रखंड के तेंदुई के अन्य ग्राम, हरिहरगंज प्रखंड के कुलहिया के अन्य ग्राम, नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह पंचायत, छतरपुर प्रखंड के दिनादाग पंचायत, पांडू प्रखंड के महुगावा पंचायत में ऊंटारी रोड प्रखंड के जोगा मुख्यालय, विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा मुख्यालय, नावाबाजार प्रखंड के सोहदागखुर्द के अन्य ग्राम में, पड़वा प्रखंड के छेछोरी के अन्य ग्राम आदि शिविर लगेगा।

### धनबाद में आयोजित आइआइटी आइएसएम के 43वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति, झारखंड के राज्यपाल और मंत्री

# तकनीकी अपनाने में भारतीय प्रतिभा का मुकाबला नहीं: जगदीप धनखड़

**- उपराष्ट्रपति ने कहा : एक आदिवासी महिला का भारत का राष्ट्रपति बनना गर्व की बात है**


**-आइआइटी भारत की विकास यात्रा के इंजन हैं, आइआइटी धनबाद के छात्रों के साथ किया संवाद**

**2023 के दीक्षांत समारोह में आइआइटी के 1919 विद्यार्थियों को दी गयी डिग्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइआइटी आइएसएम का 43वां दीक्षांत समारोह रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल हुए। इनके अलावा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रोफेसर प्रेम व्रत, चेयरमैन, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, प्रोफेसर जेके पटनायक, निदेशक आइआइटी (आईएसएम) धनबाद, अकादमिक परिषद के सदस्य, संस्थान के शिक्षक भी शामिल हुए। इस असर पर उपराष्ट्रपति व अन्य अतिथियों के हाथों 39 गोल्ड मेडलिस्टों को डिग्री प्रदान किया गया। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पासआउट विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी ने आइआइटी आइएसएम जैसे महान संस्थान में पढ़ाई की है। आपने जो आज डिग्री प्राप्त की है वह सिर्फ आपकी शैक्षणिक प्रगति का प्रमाण नहीं, बल्कि आपके समर्पण, दृढ़ता और क्षमता का प्रतीक है। इस क्षमता को आपको पूरी तरह से देश की प्रगति में योगदान करना है। छात्रों से कहा कि यह दीक्षांत समारोह आपकी अकादमिक यात्रा का अंत नहीं है, बल्कि आपको आगे भी सीखते रहना है।








आइआइटी-आइएसएम के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़। मौच पर उपराष्ट्रति को सम्मानित करते राज्यपाल व अन्य। समारोह में शामिल गणमान्य लोग।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज तेज गति से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। यह बढ़त अजेय है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर हैं। हमने यूके को पीछे छोड़ा है और अब जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ने वाले हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने ढाई साल में संसद के नए भवन का जो निर्माण किया है, वह देखने लायक है। उपराष्ट्रपति ने भारत की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया के शीर्ष 10 कन्वेंशन सेंटर में से दो कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम और यशोभूमि आज भारत में मौजूद हैं उन्हें देखकर भारत की बदलती तस्वीर का अंदाजा लगाया जा सकता है। भारत की तकनीकी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज हमें लीक से हटकर सोचना पड़ेगा। दुनिया कितनी तेज गति से बदल रही है क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, के बारे में आपको पता होगा, हमारा देश इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत क्वांटम कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ चुका है। छात्रों से कहा क्या आप कभी कल्पना कर सकते हैं किसानों को दो लाख 75 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई है। इसमें यह महत्वपूर्ण नहीं है कि सरकार ने उनके खातों में यह राशि भेजी है महत्वपूर्ण यह है कि हमारे किसान इस राशि को प्राप्त करने में तकनीकी रूप से सक्षम बने हैं यह बड़ी उपलब्धि है। विश्व बैंक के अध्यक्ष के बयान का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ने कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने डिजिटल क्षेत्र में जो उपलब्धि 6 सालों में किया है वह 47 सालों में भी संभव नहीं था। उन्होंने कहा भारत की प्रतिभा का कोई मुकाबला ही नहीं है। हम टेक्नोलॉजी को सहज ही ग्रहण करते हैं, भारत का प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंजप्शन अमेरिका और चीन के प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंजप्शन से भी अधिक है। देश में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला जब भारत की एक आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को भारत का प्रथम नागरिक चुना गया जब वह राष्ट्रपति बनीं। अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत वह पहला देश है जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को उतार कर इतिहास रच दिया है। अब वहां शिव शक्ति पॉइंट भी है और तिरंगा पॉइंट भी है, आज हमारा इसरो अमेरिका, यूके, सिंगापुर और कई विकसित देशों के सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजता है। उन्होंने कहा कि आज हमें लीक से हटकर सोचना पड़ेगा। आपके पास सीखने के लिए तकनीकी है कुछ ऐसी टेक्नोलॉजी है जिन पर चर्चा करते हैं तो लगता है दुनिया कितनी जल्दी बदल रही है क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, के बारे में पता लगाइए क्या है, हमारा देश इस क्षेत्र में काम कर रहा है। क्वांटम कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में काफी आगे जा चुके हैं। उपराष्ट्रपति ने महिला आरक्षण विधेयक का जिक्र करते हुए कहा कि मैं भारतीय संसद ने महिला आरक्षण बिल पास करके इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास हो जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान किया। छात्रों को भारतीय संसद देखने के लिए आमंत्रित किया और उनके साथ लंच करने का भी आमंत्रण दिया। अंत में उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें अपने राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखना चाहिए, भारत का हित सर्वोपरि है, भारतीयता में हमारा विश्वास अटूट है, हमें भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए, हमें अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियां पर गर्व करना चाहिए।

## डीसी-एसएसपी, आइएसएम के चेयरमैन निदेशक ने किया उपराष्ट्रपति का स्वागत

बरवाअड्डा हवाईअड्डा पर उपराष्ट्रपति के पहुंचने पर डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार के नेतृत्व में प्रो प्रेम व्रत, निदेशक प्रो जीके पटनायक, उपनिदेशक प्रो धीरज कुमार ने उनका स्वागत किया। यहां से उपराष्ट्रपति का काफिला आईआईटी आईएसएम के रवाना हुआ। इस दौरान काफिला मेमको मोड़, सिटी सेंटर चौक, रणधीर वर्मा चौक, पुलिस लाइन होते हुए आईआईटी आईएसएम पहुंचा। इस दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान और मजिस्ट्रेट तैनात थे। वहीं बरवाअड्डा हेलीपेड पर उपराष्ट्रपति के पहुंचते ही बरवाअड्डा किसान चौक से आईआईटी तक वाहनों का परिचालन पूरी तरह रोक दिया गया था।

उधर, कार्यक्रम के अंत में आइआइटी आइएसएम के चेयरमैन प्रो प्रेम व्रत द्वारा उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और स्वास्थ्य मंत्री को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं, वायुसेना के हेलिकॉप्टर से जमशेदपुर से धनबाद पहुंचे उपराष्ट्रपति दीक्षांत समारोह समाप्त होने पर सड़क मार्ग से दुगार्पुर स्थित काजी नजरुल इस्लाम एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

दूसरी ओर, आइआइटी आइएसएम में रविवार को 43वें दीक्षांत समारोह में कुल 1919 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी। इनमें 1249 विद्यार्थियों ने सशरीर समारोह में उपस्थित होकर डिग्री लिया। समारोह का आयोजन कुल चार सत्रों में किया गया था। पहला सत्र सुबह 9 बजे से शुरू होकर 11.25 बजे तक चला। इसमें 528 विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। दूसरा सत्र 12 बजे से 1.50 तक चला इसमें 436 विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। तीसरा सत्र शाम पांच बजे से 6.20 तक चला। जिसमें उपराष्ट्रपति व राज्यपाल भी शामिल हुए। वहीं चौथा व अंतिम सत्र शाम 6.30 से शुरू होकर रात 8 बजे तक चला। इस सत्र में 37 विद्यार्थियों को सिल्वर व अन्य स्पॉन्सर अवार्ड के साथ कुल 285 डिग्रियां दी गयी। वहीं कुल 1919 विद्यार्थियों में सबसे अधिक बीटेक की 806, ड्यूल डिग्री 20, एबीए 145, एमएससी टेक 95, एमटेक 311, इंटीग्रेटेड एमटेक 66, पीएचडी 372 और पीजी डिप्लोमा के 35 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी।

## लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम के लिए पंचायत और बूथ समिति को करना होगा मजबूत : कमलेश

**जैनामोड/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की जरीडीह प्रखंड के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक टांड़ मोहनपुर स्थित पंचायत भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता बबलू मंडल व संचालन देवानंद केवट ने की। उसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बोकारो जिला प्रभारी कमलेश महतो ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के लिए पंचायत समिति और बूथ समिति को मजबूत करना होगा। तभी जीत संभव है। जेबीकेएसएस कार्यकर्ता जरीडीह प्रखंड के सभी पंचायतों में समिति विस्तार कर बूथ स्तर पर समिति विस्तार जल्द करें। उसके बाद प्रखंड समिति का विस्तार किया जायेगा। कार्यकर्ता संगठन को प्रत्येक घर तक पहुंचाएं और पार्टी और केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के नीति विचारो को बताएं। तभी बूथ स्तर तक समिति को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी स्तर के चुनाव में माटी का बेटा जीत कर आए और प्रतिनिधित्व करे। तभी झारखंड अलग झारखंड का सपना साकार होगा।

मौके पर उत्पल मंडल, दीपक प्रजापति, बदल चंद्र मुर्मु, राहुल कुमार महतो, रथु लहरी, बप्पे मिश्रा, मंटू महतो, खुर्शीद अंसारी, उमाचरण महतो, सूरज महतो, धनंजय जायसवाल, राजेश महतो, महेश बेसरा, एकबाल सौदागर, दिलीप सिंह, रंजीत महतो, संजय रजवार, सुजीत मंडल, संदीप कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## धीरज साहू जैसे भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही कांग्रेस: बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापामारी के दौरान बरामद 300 करोड़ से अधिक के अकूत धन सहित विभिन्न मुद्दों के विरोध में रविवार को प्रदेश भाजपा की ओर से आहूत धरना कार्यक्रम के तहत चेक पोस्ट स्थित पटेल मार्केट के समक्ष बोकारो जिला भाजपा की ओर से धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव व संचालन जिला महामंत्री



संजय त्यागी ने किया। धरना में झारखंड विधानसभा के विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण भी शामिल थे। विधायक ने सवाल किया कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के पीछे कौन लोग हैं। कांग्रेस इस प्रकार के भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है, यह चिंता का विषय है। इस धन का प्रयोग आने वाले चुनावों में हो सकता था। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान चुनाव के दौरान इन पैसे का उपयोग किया गया। बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड आदिवासी क्षेत्र है। धीरज साहू का झारखंड में प्रभावशाली परिवार है। वे 40 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हैं। कहा कि कांग्रेसी सांसद के घर से बरामद नकदी की गिनती मशीनों से की जा रही है। एक अनुमान के अनुसार यह नकदी 500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। आज जब देश डिजिटल लेनदेन की ओर बढ़ रहा है तो इस घराने से 300 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद होना यह जनता के साथ धोखा है। वहीं, जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के बहुत बड़े फाइनेंसर के रूप में उनकी पहचान है। धरना को योगेश्वर महतो बाटुल, रोहितलाल सिंह, विनय सिंह, कुमार अमित, शशि भूषण ओझा, केके मुन्ना, शंकर रजक, लछमन नायक, दिलीप श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अनिल स्वर्णकार, जयदेव राय, अशोक कुमार पप्पू, इंद्र कुमार झा, महेंद्र राय, सुजीत चक्रवर्ती, मुकेश राय, गिरिजा देवी, अशोक शर्मा, पन्नलाल कांदू, टिंकू तापड़िया, अनिल सिंह, विनय किशोर, हरीश सिंह, सनातन सिंह, बैधनाथ प्रसाद, सुभाष सिंह, ब्रज दुबे, कुलदीप महथा, जितेंद्र गोस्वामी, विकी राय, विक्रम महथा, झतु दे, रंजीत वर्णवाल, प्रकाश चटर्जी, भानुप्रताप सिंह, रघुनाथ टुडू, राजू गुप्ता, भोला साव, प्रीति गुप्ता, राधा देवी, सुनीता आदि थे।

## पोलियो मुक्त देश के लिए सभी का योगदान जरूरी : अनिल

**बेरमो (आजाद सिपाही)।** जारीडीह बाजार स्थित पोलियो केंद्र संख्या 38 में 0 से 5 वर्ष के नौनिहालों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलायी गयी। केंद्र का शुभारंभ झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बच्चों को पोलियों की दावा पिलाकर की। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल ने कहा कि पोलियो की दवा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को अवश्य पिलायें। तभी शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। झारखंड ही नहीं पूरे देश से पोलियो को मुक्त बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी है।

## गठबंधन सरकार में शामिल लोग राज्य नहीं, अपने विकास में मस्त : रागिनी सिंह

**झरिया (आजाद सिपाही)।** चासनाला सामुदायिक भवन में इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से विश्व मानवाधिकार दिवस पर ठंड को देखते हुए गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस



दौरान इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रागिनी सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जरूरतमंदों के बीच 250 से ज्यादा कंबल का वितरण किया गया। अपने संबोधन में रागिनी सिंह ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार गरीब मजदूरों की नहीं, बल्कि लूट खसोट करने वालों की सरकार है। वह झारखंड का नहीं अपना विकाश करने में लगी है। मौके पर राजेश महतो, आलोक कुमार सिंह, पश्चिम बंगाल उपाध्यक्ष धनंजय महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप महतो, निखिल गोराई, धनबाद जिला अध्यक्ष मो शाहिद आदि थे।

## एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक में संगठन का हुआ पुनर्गठन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक रविवार को निरसा मासस कार्यालय गुरुदास भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता महेश मंडल ने की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी उपस्थित हुए। बैठक में एमपीएल कामगार यूनियन का पुनः गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष अरूप चटर्जी, कार्यकारिणी अध्यक्ष तुलसी तिवारी, समीम अथर, उपाध्यक्ष शंकर लोहार, सुब्रत तिवारी, बंकिम दास, फिरोज हुसैन, मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह, मनोज मंडल, अजय राम, सचिव महेश मंडल, सह सचिव चिरंजीत मंडल, संयुक्त सचिव केशव तिवारी, कोषाध्यक्ष चंदन मंडल, सह कोषाध्यक्ष दिगंबर तिवारी, दीपक मंडल, संगठन सचिव संजय महतो, निमाई मालाकार, नारायण मंडल, पार्वती मुर्मू, नियुक्ति देवी, सह संगठन सचिव मुन्ना यादव, तारक तिवारी, रंजीत दे, आनंद महतो, विकास सिंह को बनाया गया है। बैठक में कई नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। मौके पर अरविंद तिवारी, रंजीत अमित महतो, माखन महतो, राजकुमार, सत्यवान लोहार, विजय तिवारी, मोहन मंडल, माथुर मंडल, अमित दास, परिमल चौधरी, शंभु सिंह और रंजीत महतो आदि उपस्थित थे।

### झामुमो की हुंकार : राधा चेन्नई आउटसोर्सिंग प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

# रैयतों को मुआवजा और नियोजन नहीं मिला, तो कोयला उत्पादन भी नहीं होने देंगे: हरेंद्र चौहान

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल के एरिया-5 अंतर्गत संचालित राधा चेन्नई आउटसोर्सिंग उत्खनन का विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जमीन मुआवजा और नियोजन की मांग को लेकर आजसू पिछले 10 दिनों ने धरना पर बैठी है। जिसका कोई नतीजा नहीं निकला है। वहीं पांच सूत्री मांगों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो) ने भी हुंकार भरी है। चंदौर बस्ती में झामुमो के कतरास नगर के संगठन सचिव अरविंद चौहान के नेतृत्व में चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट



प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद करते झामुमो के नेता-कार्यकर्ता।

लिमिटेड प्रबंधक को पांच सूत्री मांग पत्र सौंप कर 20 दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की घोषणा की गयी। एक सादे कार्यक्रम में झामुमो के बाघमारा प्रखंड उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने कहा कि चंदौर पहाड़ी के रैयतों ने अपनी जमीन बीसीसीएल को कोयला उत्खनन के लिए दिया था। मगर प्रबंधन लापरवाह बनी हुई है। झामुमो की स्पष्ट मांग है कि रैयतों को मुवावजा और नियोजन दे। झारखंड सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार स्थानीय बेरोजगारों को 75 फीसदी रोजगार, कोयला उत्खनन क्षेत्र के आसपास प्रभावितों को नियम अनुसार सुविधा मुहैया कराने और डीजीएमएस के गाइड लाइन के अनुसार ब्लास्टिंग और उत्खनन करना होगा। हरेंद्र चौहान ने कहा कि झामुमो की मांग को अगर प्रबंधन नजर अंदाज करता है और निर्धारित समय पर वार्ता कर समस्या का समाधान नहीं करता है तो 20 दिसंबर से कंपनी का अनिश्चितकालीन काम बंद करा दिया जाएगा। मौके पर महेंद्र सोनार, मुन्ना वर्मा, शेखर वर्मा, अशोक सोनार, दीपक वर्मा, अरविंद चौहान, लोकनाथ वर्मा, विजय कुमार, नीरज वर्मा, पप्पू सोनी, विजेंद्र वर्मा, भारत वर्मा, सुनील वर्मा, गोविंद वर्मा, जितेंद्र वर्मा, अनिल वर्मा, महादेव वर्मा, विमल वर्मा और राजू पासवान आदि मौजूद थे।

## बोकारो में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन, शामिल हुए डीसी-विधायक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए गांधी चौक से बोकारो मॉल तक रविवार को हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया। जिसमें योग, एरोबिक, स्कीपिंग, जूडो-कराटे और झारखंड की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में बच्चे से लेकर बड़े शामिल हुए। सड़कों पर सुबह-सुबह लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जिसका आनंद लेने के लिए बोकारो के डीसी कुलदीप चौधरी, बोकारो विधायक बिरंची नारायण बोकारो स्टील प्लांट के कार्यकारी निर्देशक अतनु भौमिक आदि थे।

## कपड़ा पसारने के दौरान करंट की चपेट में आयी मां-बेटी

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी चार नंबर में रविवार को कपड़ा पसारने के दौरान करंट की चपेट में आने से मां व बेटी घायल हो गई। दोनों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कनकनी चार नंबर निवासी सुरेंद्र चौहान की बेटी बरखा कुमारी घर के आंगन में कपड़ा सुखाने के लिए लगाए गए तार पर कपड़ा पसार रही थी। तभी अचानक वह करंट की चपेट मे आ गई। उसकी चिल्लाने की आवाज सुनकर मां फुलवा उर्फ डोमनी देवी दौड़ते हुए आई और बचाने के क्रम में वह भी करंट की चपेट मे आ गई। तार एक लोहे के पाइप से बंधा था और किसी अन्य तार के संपर्क में आने के कारण उसमे करंट आ गया।

# देव दीपावली में कल एक लाख दीयों से रोशन होगा पुरी बड डांड

- शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक लाखों दीये जलाये जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** आगामी देव दीपावली पर पुरी रोशनी से भर जायेगा। मंदिर के सिंह द्वार से गुंडिचा मंदिर तक एक लाख दीपक जलाये जायेंगे। ओड़िशा इंटरनेशनल सेंटर ने 12 दिसंबर को देव दीपावली के अवसर पर शाम 5 बजे से 7 बजे तक पुरी बड डांड में लाखों दीपक जलाने का फैसला किया है। इसके अलावा संगठन ने मेडिकल चौक स्थित हाती अखाड़ा मठ में विश्वशांति अग्निहोत्री यज्ञ का भी आयोजन किया है।



ओड़िशा इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया है कि गुंड़िचा मंदिर के पास मुक्ताकाश रंगमंच में प्रमुख गायकों द्वारा भजन प्रस्तुत किये जायेंगे। दीपांजलि कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से निर्मित मिट्टी के दीपक का भी अनावरण किया गया। दीपदान समिति के आयोजक व संपादक शुभाशीष खुंटिया, उपाध्यक्ष राजकिशोर पात्र, शंकरर्शण परिडा, ओड़िशा इंटरनेशनल सेंटर के मैनेजिंग ट्रस्टी भाबाग्रही शांति, विधायक जयंत कुमार षाड़ंगी और पूर्व मेयर गौरहरि प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होकर उन्होंने शहर के लोगों से इस धार्मिक संस्थान के कार्य को सफल बनाने की अपील की।

# धीरज साहू से बरामद पैसों की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर आक्रोश रैली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को गिरिडीह के सर्कस मैदान से लेकर बड़ा चौक तक पैदल आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान धीरज साहू को गिरफ्तार कर पूछताछ करने और बरामद करोड़ों रुपये की सीबीआइ जांच की मांग की गयी। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कांग्रेस भ्रष्ट्राचार की जननी है, धीरज साहू को गिरफ्तार करना होगा का नारा लगाया गया। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड के गरीब किसान, कामगार और आदिवासी भाई-बहनों का पैसा कांग्रेस की तिजोरी तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने अंदेशा जताया कि बरामद रुपये किसी एक व्यक्ति का नहीं हो सकता। यह अकूत संपत्ति किसकी है, इसकी सीबीआइ जांच होनी चाहिए। इसके अलावा धीरज साहू को गिरफ्तार कर पूछताछ करनी चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जेएसपी को सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली दुनिया के अग्रणी इस्पात उत्पादकों में से एक, जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को देश के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में खेलों के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएसआर जर्नल द्वारा सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 9 दिसंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में जेएसपी के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत कुमार होता को यह सम्मान प्रदान किया।



इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता श्री आमिर खान, प्रख्यात कवि डॉ कुमार विश्वास और विभिन्न वरिष्ठ कॉर्पोरेट अधिकारी उपस्थित थे।

सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए जूरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शल्लू जिंदल ने कहा कि हम देश की 25,000 ग्रामीण और आदिवासी खेल प्रतिभाओं का पोषण करके एक समावेशी खेल पारिस्थितिकी प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं और अपने देशवासियों को गौरवान्वित करने के लिए उन प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने और संवारने के लिए सक्षम बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। अध्यक्ष नवीन जिंदल के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित होकर जेएसपी ने भारत के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में खेल विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। जेएसपी स्थानीय युवाओं के बीच एथलेटिकिज्म को बढ़ावा देने के लिए पोषण, कोचिंग प्रदान कर रहा है।

# लक्ष्मण सिंह ने तारापुर गांव में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गावां।** गावां प्रखंड के जमडार पंचायत स्थित तारापुर गांव में रविवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर पिछले दो तीन माह से खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने बरजो गांव स्थित कार्यालय आकर दी। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था। साथ ही उन्होंने अधिकारी से 25 केवी के जगह 100 केवी लगाने के लिए कहा।



तारापुर में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

इसके बाद दो दिनों में गांव में 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही।

भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुःख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण को किसी भी तरह की समस्या हो, तो उन्हें बतायें वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पूरे देश में सभी गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया है। इस मौके पर रामचंद्र पंडित, बिनोद पंडित, विनय शर्मा, प्रज्ञा साहू, गजेंद्र पंडित, केदार पंडित, ब्रह्मदेव विश्वकर्मा, बासुदेव मरांडी, रमेश सोरेन, बिनोद मिष्टकार और सुधीर पंडित समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

IMPACT FEATURE

# "शारदा ग्लोबल की उड़ान सतयुग से लेकर चन्द्रयान तक"

## एब्लेज - रिफ्लेक्सन-स्पेक्ट्रम ऑफ वैल्यूज एण्ड इमोसन्स धूमधाम से सम्पन्न











**शारदा ग्लोबल स्कूल** का नौंवा दो दिवसीय वार्षिकोत्सव विविध नैतिक मूल्यों, भावों एवं नृत्य संगीत की अद्वितीय छटा विखेरता हुआ अतिथिगणों को सम्मोहित तथा अभिभावक वृन्द को भावविभोर करता हुआ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अजय कुमार सिंह (आई.पी.एस.) डायरेक्टर जेनेरल ऑफ पुलिस गवर्मेन्ट ऑफ झारखण्ड, श्री अखिलेश झा (आई. पी. एस. आई. जी. एच. आर. राँची) श्री के. रवि कुमार (आई. ए. एस. सेक्रेटरी, स्कूल एडुकेशन एण्ड लिट्रेसी डिपार्टमेंट, विषेश अतिथि श्री रविन्द्र कुमार सी. ई. ओ. पी. वी. यू. एन. एल. और श्री विजय गुप्ता जी (ज्वाइन्ट सेक्रेटरी राज्य प्र. सेवा से), चेयरमैन संजय शारदा, श्रीमती लीना शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका, श्रीमती दीपा बंका, श्री अनुज रंजन, एकेडेमिक्स डायरेक्टर डा. श्रीमती रंजना स्वरुप, प्रिंसिपल श्रीमती जसमीत कौर एवं अनेक विद्यालयों के प्राचार्य एवं अन्य अतिथिगण अपस्थित थे।







विद्यालय प्रबन्धन के उचित एवं सही निर्देषन में विद्यालय के छात्र, शिक्षण, खेलकूद तथा विविध गतिविधियों में उन्नति के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर झारखण्ड एवं बिहार राज्य से बाहर भी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। विद्यालय अपने छात्रों को उनके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देते हुए एवं सतत् जागरूक रहते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य को गढ़ने में सहायक एवं अनवरत प्रयत्नशील है। विद्यालय न केवल शिक्षण बल्कि शिक्षणेतर कार्यक्रमों में भी छात्रों को वह मजबूत नींव प्रदान कर रहा जो उनके बेहतर भविष्य की आधारशिला है। जिसका उदाहरण छात्रों द्वारा प्रस्तुत यह वार्षिकोत्सव है।

कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रों ने भारत की आजादी के बाद की सफलता एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुए उन्नत भारत की तस्वीर चन्द्रयान-3 की प्रस्तुति से 'एक उड़ान चाँद के नाम' के माध्यम से की और पूरे विश्व को चैंका दिया, यह संदेश देकर की हम आज भी हर क्षेत्र में अग्रणी है। 'परवरिश' प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों ने यह दर्शाया कि अच्छे संस्कार और अच्छी सीख हमारे सम्पूर्ण जीवन की अधारशिला है। बेहतर भविष्य के लिए बेहतर परवरिश और शिक्षा आवश्यक है। अच्छी परवरिश पारिवारिक संबंधों का वह सूत्र है जो सभी को एक दूसरे से जोड़कर रखता है। चारो युगों की प्रस्तुति यह सीख देती है कि यदि आज भी हम अपने पूर्वजों के दिखाए मार्ग का अनुसरण करें तो हम इस कलयुग में पुनः सतयुग की स्थापना कर सकते हैं। साथ ही छात्रों ने एशियन गेम्स के स्टार परफार्मर्स की सफलता पर अद्भुत प्रस्तुति के माध्यम से बधाई संदेश दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के नन्हें-नन्हें बच्चों ने मोगली की दुनिया, विविध क्लासिकल नृत्य संगीत एवं नए गीतों से प्रारम्भ कर पुराने गीत संगीत पर अद्भुद प्रस्तुति जिसमें पानी में लाइव नृत्य कर दर्शकगण को मुग्ध कर दिया। शारदा ग्लोबल स्कूले के लिए आज एक और उपलब्धि का दिन था, श्री रविन्द्र कुमार (सी. ई. ओ. एन. टी. पी. सी.) ने घोषणा की कि आगामी सत्र से पतरातू यूनिट के नए विद्यालय का संचालन शारदा ग्लोबल स्कूल करेगा जिसका नाम शारदा ग्लोबल स्कूल पतरातू होगा।



डी.जी.पी अजय कुमार सिंह एवं आई.जी. अखिलेश झा दीप प्रज्वलीत करते हुए



के. रवी कुमार
आइ. ए. एस.



संजय शारदा
चेयरमेन



श्री रविन्द्र प्रसाद, सी.ई.ओ. एनटीपीसी, पतरातु

### विभिन्न प्रतियोगिताओ में विजयी बच्चों को किया गया पुरष्कृत



विजय गुप्ता ज्वाइंट सेक्रेटरी



दीपक बंका, डायरेक्टर



रंजना स्वरूप, डायरेक्टर एकेडमिक्स



जसमित कौर, प्रिंसिपल



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**